# हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार 17 जनवरी 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





भाजपा महासचिव चुघ ने विपक्ष को घेरा

# हार का ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ना बंद करे इंडी गठबंधन

महाराष्ट्र निकाय चुनाव परिणाम पर बोले नेतागण

## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के शानदार प्रदर्शन पर यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/मुंबई

भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि भारत की जनता बहुत समझदार है। देश का कोई भी हिस्सा हो, जनता हर जगह कांग्रेस और इंडी गठबंधन को सजा दे रही है। राहुल जी, आईना साफ मत करिए। आईना साफ करने से मुंह पर लगे कालिख के निशान मिट नहीं सकते। आप हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि आपके काले कारनामों पर देश और महाराष्ट्र की जनता वोट की चोट से सजा दे रही है।ये विजय यात्रा 26 मई, 2014 से चल रही है। चुघ ने कहा कि आने वाले बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पांडिचेरी चुनाव में हर जगह जनता का आशीर्वाद भाजपा को ही मिलेगा।

### पाकिस्तान की धुन पर नाचने वाली पार्टी हारी


तरुण चुघ

चुघ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश में विदेशी टूलकिट की तरह काम करती है। पाकिस्तान की धुन पर नाचने वाली पार्टी की हार हुई है। हार का ठीकरा फोड़ने की कांग्रेस की आदत है। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए नई ऊंचाई को छू रहा है। आज महाराष्ट्र की जनता ने विकसित भारत के संकल्प को आशीर्वाद दिया है। कांग्रेस पर चुघ ने कहा कि पाक सेना की ट्यून पर नागिन डांस करने वाली पार्टियों को जनता जवाब दे रही है।

### लोग काम देखकर दे रहे वोट: पाटिल

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने



कहा कि लोग देख रहे हैं कि हमने क्या किया है? हम सिर्फ चुनावी भाषण पर निर्भर नहीं करते। लोग हमारे पुराने काम देखकर ही हम पर विश्वास कर रहे हैं। हमने कोरोना महामारी के दौरान भी काफी काम किया था।अगर ठाकरे भाई भी साथ आए हैं या कांग्रेस और एनसीपी हाथ मिला लें, ये लोगों के हित में नहीं है। लोग समझते हैं कि ये लोग सिर्फ अपने फायदे के लिए साथ आ रहे हैं।

शिवसेना नेता शाइना का तंज

### ठाकरे भाई अब वर्क फ्रॉम होम करें

शिवसेना नेता शाइना एनसी ने महायुति की महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों में बड़ी जीत का भरोसा जताया है। शाइना ने उद्धव ठाकरे को अपना स्क्रिप्ट राइटर बदलना चाहिए और कोई नया बहाना ढूंढना चाहिए। हार-जीत का फैसला जनता करती है। संदेश यह है कि जो लोग जमीन पर काम करते हैं, उन्हें मौका मिलता है। जो घर से काम करते हैं, उन्हें घर पर ही रहना पड़ता है। ठाकरे भाइयों को वर्क फ्रॉम होम करना चाहिए और घर पर रहना चाहिए।

#### 25 साल से कुछ नहीं किया

महायुति के प्रदर्शन पर शाइना ने कहा कि 25 सालों में उन्होंने कुछ नहीं किया। लेकिन हमारे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दो चरणों में गड्ढों की समस्या हल की। उन्होंने 26 भ्रष्ट ठेकेदारों को जेल भेजा। पिछली सरकार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नहीं दे पाई। हमने समय पर 7 प्रदान किए। विकास के मामले में हमने 5000 इलेक्ट्रिक बसें, 435 किमी मेट्रो कनेक्टिविटी और पर्यावरण-अनुकूल पहल की हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी चुनावों के लिए गठबंधन बनाने वाले अवसरवादी हैं।

सांसद मोहन ने राज ठाकरे को घेरा

### चुनाव में छाई 'रसमलाई', राज ठाकरे ने अन्नामलाई को कही थी यह बात

बेंगलुरु सेंट्रल से लोकसभा सांसद पीसी मोहन ने एक्स पर 'रसमलाई' की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, कुछ रसमलाई



मंगवाई। यह ट्वीट राज ठाकरे पर सीधा कटाक्ष था, जिन्होंने पिछले सप्ताह की शुरुआत में भाजपा सांसद के अन्नामलाई के साथ जुबानी जंग शुरू की थी।राज ने अन्नामलाई पर निशाना साधते हुए उन्हें 'रसमलाई' कहकर उनका मजाक उड़ाया। उनके अधिकार पर सवाल उठाए।

राउत ने गड़बड़ी का लगाया आरोप

### हजारों वोटरों के नाम गायब

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बीएमसी चुनावों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने




पर गड़बड़ी, ईवीएम में खराबी और आचार संहिता के उल्लंघन का दावा किया। राउत ने कहा कि मुंबई में दिख रहा वोटिंग पैटर्न एक गंभीर मामला है। उन इलाकों में वोटर लिस्ट से हजारों मतदाताओं के नाम गायब थे, जहां शिवसेना (यूबीटी), मनसे और कांग्रेस को मजबूत समर्थन मिलता है।

## खबर संक्षेप

### आग से शायर मंसूर की बेटी की जान गई

**मुरादाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बारादरी मोहल्ले में बुधवार की देर रात नगर निगम से सेवानिवृत्त



कर्मचारी एवं शायर मंसूर उस्मानी के मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में ब्लोअर हीटर से आग लग गई। कमरे में सो रही उनकी बेटी हुमा उस्मानी की जलकर मौत हो गई। हादसे के समय हुमा कमरे में अकेली थीं। लपटें व धुआं देखकर लोगों ने शोर मचाया तो परिजन जागे।

### मवेशी को बचाने में पति पत्नी समेत 4 की मौत


**चित्तौड़गढ़।** जिले में उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के नरधारी गांव के पास



गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में पति-पत्नी सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उदयपुर से चित्तौड़गढ़ जा रही कार नरधारी गांव के पास मवेशी को बचाने में असंतुलित हो गई।

### 1 अप्रैल से टोल प्लाजा नियम में बदलाव होगा

**नई दिल्ली।** देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वालों के लिए 1 अप्रैल से एक बड़ा बदलाव होने जा



रहा है। सरकार ने हाईवे यात्रा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। अब टोल प्लाजा पर नकद भुगतान का विकल्प खत्म किया जा रहा है। अब टोल टैक्स सिर्फ फास्टैग या यूपीआईके जरिए ही चुकाया जा सकेगा।

### प्रख्यात समालोचक वीरेंद्र यादव का निधन

**नई दिल्ली।** हिंदी के प्रख्यात समालोचक ,लेखक वीरेंद्र यादव का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से



निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य खराब था। उन्होंने इंदिरा नगर में अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका जन्म 1950 में जौनपुर में हुआ था। वे कथा आलोचना में सक्रिय रहे। वामपंथी बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में जुड़े थे।

### खराब मौसम के चलते राष्ट्रपति का दौरा रद्द

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जालंधर दौरा रद्द हो गया है। उनकी फ्लाइट अमृतसर से टेकऑफ नहीं



कर सकी। खराब मौसम के चलते दौरा रद्द करना पड़ा है। उन्हें डॉ. बीआर आंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 21वें कन्वोकेशन में शामिल होना था। इसके पहले जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल स्टार्टअप-डे पर किया संबोधित

# भारत की स्टार्टअप क्रांति भविष्य का आधार 10 साल में यह एक बड़े स्तंभ के रूप में उभरा

## प्रधानमंत्र ने कहा- इसकी नींव विज्ञान भवन में रखी थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम पिछले एक दशक में एक सीमित विचार से निकलकर राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े स्तंभ के रूप में उभरा है। 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास यात्रा को नए और विकसित होते भारत के भविष्य का आधार बताया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का समूह वास्तव में भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश कर रहा है।प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप आंदोलन की विनम्र शुरुआत को याद करते हुए बताया कि लगभग 10 साल पहले, इस कार्यक्रम की नींव विज्ञान भवन में रखी गई थी। उस समय यह पहल बहुत छोटी थी और इसमें भाग लेने वाले नौजवानों की संख्या महज 500 से 700 के बीच थी। पीएम मोदी ने कहा कि आज इस परिदृश्य में आया बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या और उनके विस्तार ने आयोजन स्थल को विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक पहुंचा दिया है।

*इनका समूह देश के उज्ज्वल भविष्य को बता रहा*

*शुरुआत में युवाओं की संख्या 500 के करीब थी*


'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर उद्यमियों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

### 10 साल पूरे होने का मनाया गया जश्न

आज हम स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं। 10 साल की ये जर्नी सिर्फ एक सरकारी योजना के सफल होने की कहानी नहीं है, ये आप जैसे हजारों-लाखों सपनों की यात्रा है। ये कितने ही सपनों के साकार होने की यात्रा है। आप याद कीजिए, 10 साल पहले हालत क्या थे.? इंडिविजुअल एफर्ट और इनोवेशन के लिए गुंजाइश ही नहीं थी। हमने उन परिस्थितियों को चैलेंज किया, हमने स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया और हमने युवाओं को खुला आसमान दिया और आज नतीजा हमारे सामने है।

### स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि भारत मंडपम जैसे विशाल आधुनिक केंद्र में भी स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी है। यह बदलाव केवल स्थान का नहीं, बल्कि भारत की नवाचार क्षमता और वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स की स्वीकार्यता का प्रतीक है।" पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

### ... तब इसे आर्थिक 'विनाश' के रूप में देखा जाता था

प्रधानमंत्री नेने 10 साल पहले की एक घटना का उदाहरण साझा किया, जिसमें एक युवती ने कॉरपोरेट जगत की सुरक्षित नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू करने का फैसला लिया था। जब वह अपनी मां को यह जानकारी देने कोलकाता गई, तो उसकी मां की प्रतिक्रिया थी, सर्वनाश... तुम बर्बादी की राह पर क्यों जा रही हो!

### आज देश की मुख्य धारा बन गया

आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पीएम बताया कि जिस स्टार्टअप को कभी 'बर्बादी की राह' माना जाता था, आज वही देश के विकास की मुख्यधारा है। इसकी सफलता ने कई अवसर पैदा किए। 'नौकरी चाहने वाले' से 'नौकरी देने वाले' की संस्कृति विकसित की है।

### सरकार नए भारत का भविष्य देख रही

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान स्टार्टअप इकोसिस्टम को 'विकसित भारत' के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि वह स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स के इस समूह में नए भारत का उदय देख रहे हैं। उनका मानना है कि नेशनल स्टार्टअप डे केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह उन लोगों का उत्सव है जो अपनी नई सोच से भारत की तस्वीर बदल रहे हैं। भारत की स्टार्टअप यात्रा विज्ञान भवन के सीमित दायरे से शुरू होकर भारत मंडपम की वैश्विक भव्यता तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन साफ है कि सरकार इस क्षेत्र को नए भारत के भविष्य के रूप में देख रही है।

मंत्री गोयल ने उद्यमियों को बताया

## देश में 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड 21 लाख से ज्यादा रोजगार दिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में शुक्रवार को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को 10 साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रमुख स्टार्टअप उद्यमियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत में करीब 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं। इन स्टार्टअप्स के जरिए अब तक 21 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। स्टार्टअप इकोसिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है और देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। भारतीय स्टार्टअप 50 से ज्यादा काम कर रहे हैं। इनमें टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, एग्रीटेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डीप टेक जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

स्टार्टअप ईकोसिस्टम मजबूत बना

### कर्नाटक-तमिलनाडु ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बन रहे

गोयल ने बताया कि देश के कुल स्टार्टअप्स में से करीब 50 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं, जो इस बात का सबूत है कि उद्यमिता अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तमिलनाडु अब ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के बड़े केंद्र बनकर उभर रहे हैं। गोयल ने कहा कि दुनिया के 100 से ज्यादा देश भारत के साथ स्टार्टअप सेक्टर में साझेदारी करना चाहते हैं। सरकार इस दिशा में योजना बना रही है कि इन देशों के साथ सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जाए, ताकि भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर और ज्यादा अवसर मिल सकें।

### उद्यमिता और आर्थिक प्रगति को मजबूती मिली

मंत्री गोयल ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि 'स्टार्टअप इंडिया' क्रांति को एक दशक पूरा हो गया है। यह एक साहसिक कदम था, जिसने भारत को बड़ा सोचने और उससे भी बड़ा करने की ताकत दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी पहल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण देश में डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स और उनके द्वारा पैदा किए गए 21 लाख से ज्यादा रोजगार हैं। गोयल ने कहा कि इस सफलता को यह तथ्य और खास बनाता है कि इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में उद्यमिता की भावना को नई ऊर्जा मिली है और युवाओं व महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की यह यात्रा निरंतरता, समावेशिता और विकास को दर्शाती है, साथ ही भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के उज्ज्वल भविष्य का भरोसा भी देती है।

राहुल और विजय के बीच आज बैठक

## एक्टर विजय के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर आज होगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अप्रैल—मई में होने वाले 5 विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है। शनिवार शाम राहुल गांधी और खरगे तमिलनाडु कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उम्मीद है कि तमिलनाडु को लेकर कांग्रेस की भावी रणनीति को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो सकता है।



तमिलनाडु में करीब दो दशक से कांग्रेस का डीएमके के साथ गठबंधन है, लेकिन अब प्रदेश कांग्रेस में कुछ नेता अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के साथ गठबंधन करने की पैरवी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बदायूं में बवाल

## लोगों की अर्जी पर रोकी प्रभात फेरी, लाठीचार्ज में कई घायल

एजेंसी ▶▶ बदायूं

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।



आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी को रोकने का प्रयास किया था।


जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका

समिति की वैधता को लेकर दी थी चुनौती

## महाभियोग मामले में संसदीय कमेटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 'अर्जी' खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने अधजली नकदी मामले में महाभियोग प्रस्ताव पर उनके खिलाफ आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा समिति की वैधता को चुनौती दी थी।



### रखा था फैसला सुरक्षित

जस्टिस वर्मा ने समिति के गठन पर यह कहते हुए सवाल उठाया था कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव राज्यसभा के उपसभापति ने खारिज कर दिया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने 8 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था।

**जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत जांच समिति**

16 दिसंबर को स्पीकर के उस कदम को चुनौती दी गई थी जिसमें उन्होंने जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने जस्टिस वर्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा था कि यह गलत है।

श्रीगंगा सभा ने रील्स बनाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी

## हरकी पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध, रील्स भी नहीं बना सकेंगे लोग

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

हरकी पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नजर आ रहे थे। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की।

जगह जगह लगा दिए गए बोर्ड

पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू की




**वीडियो पर उठे थे सवाल**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और इससे माहौल खराब हो सकता है।

### व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा

उल्लेखनीय है कि इन दिनों श्रीगंगा सभा की ओर से हरिद्वार के घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा है। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि वीडियो की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। माहौल बिगाड़ने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है। वहीं, सचिव उज्जवल पंडित ने कहा कि पूरे प्रकरण की सूचना चौकी पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवकों की पहचान की जा रही है।

किसान नेता टिकैट का आरोप

## किसानों को बांटने में लगी सरकार, ईडी बन गई दारोगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ मेला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के चल रहे राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शुक्रवार को



तमाम मुद्दे उठाए । संगठन राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैट समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंथन किया। टिकैत ने केंद्र को घेरते हुए कहा कि किसानों के खेत में नुकसान नहीं है, बल्कि दिल्ली की कलम बेईमान है। जमीन महंगी है और फसल सस्ती। फसल का सही दाम नहीं मिलने से किसान जमीन बेचकर गुजारा करने को मजबूर हैं। एमएसपी के नाम पर सरकार सिर्फ सपोर्ट प्राइस दे रही है, बेनिफिट प्राइस नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को भी तोड़कर अलग-अलग बांट रही है। यही वजह है कि देश में पांच हजार से अधिक किसान संगठन खड़े हो गए हैं। यह भी एक साजिश है। यहां तो सिर्फ व्यापारियों की सरकार है, जिसे किसी का लिहाज नहीं है। किसान देश की राजधानी में धरना देते रहे, लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। टिकैत ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी तो सरकार के लिए दारोगा बन गई है।

जबलपुर
शनिवार 17 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 20, अंक : 259
पृष्ठ : 2+6+8= 16 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 25
न्यूम. 07

10 विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया



मैट्रो
6 एडवोकेट चेंबर व मल्टी लेवल....




## माखन नगर (बाबई) से सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित

# सीएम ने कहा- सरकार बहनों को प्रशिक्षित कर रोजगार से भी जोड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ की जनवरी महीने की राशि अंतरित की। जनवरी 2026 तक में बहनों के खातों में 50 हजार करोड़ की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से प्रदेश की 29 लाख पात्र हितग्राही बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक अनुदान राशि ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि सवा करोड़ से अधिक बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 32 वीं किस्त का अंतरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माखन नगर (बाबई) में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत राशि वितरण के साथ विभिन्न विकास कार्यों के भूमि-पूजन और लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे।

**» 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि भी अंतरित**

**» सोहागपुर विधानसभा के लिए 206 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण**



### लाड़ली बहना बोलीं

### मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद

लाड़ली बहना श्रीमती राखी दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद करती हूं। लाड़ली बहना योजना के तहत हम महिलाओं को 1500 रुपए की सहायता राशि मिल रही है। इस राशि से हम अपनी दैनिक आवश्यकताओं की उपयोगी सामग्री खरीद पा रहे हैं, जिससे हमारा जीवन आसान हुआ है। सुमन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से लाड़ली बहनों को दी जा रही आर्थिक सहायता से हम बहनें आर्थिक रूप से सबल हुई हैं।

### बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र की 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र की 1000 एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उद्योगों के लिए अब 400 एकड़ भूमि आवंटन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम का मलबरी रेशम प्रसिद्ध है। यहां धागा निर्माण में उद्योग शुरू कर 50 दीदियां लखपति बनी हैं। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' घोषित किया है। इस वर्ष कृषि को रोजगार और उद्योग से जोड़ा जाएगा। बहनों को प्रशिक्षण देकर स्व-सहायता समूह से जोड़ेंगे। किसानों को गेहूं, धान और दालों का उचित मूल्य दिलवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने 42 हजार हेक्टेयर की बागरा-साखा होज सिंचाई परियोजना शुरू होगी। 122 करोड़ की लागत से तवा नदी पर नया पुल बनेगा। इससे बाबई-सोहागपुर सीधे इटारसी से जुड़ेगा। नर्मदापुरम से बाबई, सोहागपुर, पिपरिया और बनखेड़ी तक सड़क को 4 लेन किया जाएगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## पंचायतों के 'हनुमान' को बड़ी सौगात : सीएम ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की घोषणाएं

# मिलेगा 7वां वेतनमान, रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 की



सीएम डॉ. मोहन यादव

*सीएम ने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायतों में कामों को जमीन पर पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों को सातवां वेतनमान दिया जाएगा, उनकी रिटायरमेंट की उम्र भी 60 से बढ़ाकर 62 कर दी गई है। उनकी सेवाओं की शर्तों में बदलाव के लिए समिति का गठन भी किया जाएगा, जिससे पंचायत सचिवों को अधिक से अधिक फायदा मिल सके। यह घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में कही। उन्होंने पंचायत सचिवों की तारीफ करते हुए कहा कि यह रामराज में हनुमान की भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि नौकरी के दौरान पंचायत सचिव की मृत्यु होने पर परिवार को दी जाने वाली 1.5 लाख रुपए की सहायता राशि अनुकंपा नियुक्ति के बाद वापस नहीं ली जाएगी।

**पंचायत सचिवों की सेवा शर्तों के लिए बनेगी समिति**



सीएम को सुनते पंचायतकर्मी

**» अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर नहीं ली जाएगी सहायता राशि वापस**

**» कागजों से जमीन पर योजनाओं को पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों की तारीफ**

### जिला स्तर पर होगा कैडर का गठन

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सचिवों के लिए जिला स्तर पर कैडर का गठन किया जा रहा है। उन्हें सभी आधुनिक तकनीकी संसाधन दिए जा रहे हैं। पंचायतों को सम्मान, संसाधन और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए अटल भवन और सामुदायिक भवनों का निर्माण भी किया जा रहा है।*

### सचिवों की नौकरी नहीं जनसेवा का अवसर

पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों का दायित्व केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का पवित्र अवसर है। वहीं पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पटेल ने मुख्यमंत्री के निर्णयों को पंचायत सचिवों के सम्मान के लिए अहम कदम बताया।

### कृषि कल्याण वर्ष, पंचायत सचिवों की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में पंचायत सचिवों की भूमिका अहम है। डिजिटल युग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही दुनिया में डरावने हालात दिखते हों, लेकिन गांवों ने कोविड काल से लेकर अब तक हर चुनौती का मजबूती से सामना किया है।

## खबर संक्षेप

### 20 को मिलेगा भाजपा को नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए



शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था।

### राजाभोज एयरपोर्ट को धमकी का मिला ई-मेल

**भोपाल।** राजाभोज एयरपोर्ट पर अचानक कुछ समय के लिए अलर्ट घोषित कर दिया गया। आनन-फानन में सीआइएसएफ के जवान वहां पहुंचे और लाउंज में रखे हर बैग की जांच की। उनके साथ पुलिस का डाग स्क्वाड भी पहुंच गया। सुरक्षा बल के खोजी कुत्तों ने पूरे परिसर के साथ




सिक्युरिटी होल्ड एरिया एवं शापिंग एरिया में जांच की। इसके चलते एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। दरअसल, किसी अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के माध्यम से नागपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। यही मेल भोपाल एयरपोर्ट को फारवर्ड कर दिया गया। इसके बाद सीआईएसएफ का अमला सतर्क हो गया। देर रात को अलर्ट घोषित करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी आज विदिशा में देंगे सौगात

# 4,400 करोड़ की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

**» 3 आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर परियोजनाओं का भी शिलान्यास होगा**



नितिन गडकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि 17 जनवरी का दिन मध्यप्रदेश के लिए सौगात भरा होगा। इस दिन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रम में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियाजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 181 किलोमीटर लंबी ये परियोजनाएं मध्य भारत एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करेंगी और प्रदेश के सड़क एवं परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक अध्याय जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिल रही ये परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, आवागमन की सुगमता और आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेंगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और कुशल, प्रशिक्षित चालकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में 3 आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के भाई के यहां छापा

# विदिशा में ठेकेदार रघुवंशी के दफ्तर में आईटी की जांच

**» अपार्टमेंट के अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं**



पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आयकर विभाग ने शुक्रवार को शेरपुरा स्थित समाधान अपार्टमेंट में कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने जिला पंचायत अध्यक्ष के भाई ठेकेदार दिलीप रघुवंशी के कार्यालय पर इनकम टैक्स सर्वे किया। टीम फिलहाल ठेकेदारी से जुड़े वित्तीय दस्तावेजों, बैंक लेन-देन और अन्य रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। कार्रवाई के चलते अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यह कार्रवाई संपत्ति और टैक्स चोरी से जुड़े मामले में की जा रही है। आयकर विभाग के इस सर्वे को जिले की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। अधिकारियों की गाड़ियां अपार्टमेंट के बाहर खड़ी हैं और अंदर दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है।

## 5 घंटे की अनुमति मांगी, इजाजत 3 घंटे की

# राहुल गांधी आज आएंगे इंदौर, प्रभावितों और मृतकों के परिजनों से करेंगे मुलाकात

**» निकाय प्रतिनिधियों के साथ बैठक, सभा की नहीं मिली अनुमति**

**» तीन घंटे के प्रवास के दौरान बॉम्बे हास्पिटल भागीरथपुरा जाएंगे**



राहुल गांधी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आएंगे। वे बॉम्बे हास्पिटल और भागीरथपुरा जाकर दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मुलाकार कर स्थिति का जायजा लेंगे। वे भागीरथपुरा में दूषित पानी से मृतकों के परिजनों से मुलाकात भी करेंगे। प्रशासन की ओर से इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को अनुमति नहीं दी गई है, इसलिए बैठक और सभा को रद्द कर दिया गया है। राहुल गांधी दौरे के लिए इंदौर पुलिस से पांच घंटे की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन उन्हें केवल तीन घंटे की अनुमति दी गई है।

### यह है राहुल गांधी का कार्यक्रम

राहुल गांधी के जारी कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान से आएंगे और सुबह 11 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे 11:15 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रवाना होकर 11:45 बजे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचेंगे। वे 12:15 बजे तक अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जानेंगे। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे वे भागीरथपुरा पहुंचेंगे। वे करीब एक घंटे भागीरथपुरा बस्ती में रुकेंगे और दूषित पानी से मृत लोगों के परिवारजनों से मुलाकात करेंगे।

## प्रसिद्ध क्रिकेटर गौतम गंभीर पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार



### भारतीय टीम की जीत के लिए की कामना

*आगर मालवा/नलखेड़ा। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को नगर में स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से पूर्व उन्होंने मां बगलामुखी के दरबार में विधि-विधान से दर्शन कर पूजा-अर्चना की।*

## हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी

यह भारत की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार वाली ट्रेन

# आज से दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर कोच 180 किलोमीटर की रफ्तार से चलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मालदा से हरी झंडी दिखाकर देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को रवाना करेंगे। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी रूट पर चलेगी। यह भारत की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार वाली ट्रेन है। यह ट्रेन विश्वस्तरीय तकनीक से लैस है। खास बात यह है कि इस ट्रेन को स्वदेशी तकनीक की मदद से बनाया गया है। इस ट्रेन का पहले ही सफलतापूर्वक ट्रायल कर लिया गया है।



### ट्रेन में कुल 16 कोच

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में कुल 16 कोच लगाए गए हैं। इनमें 11 थर्ड एसी कोच हैं। 4 सेकंड एसी के कोच हैं और 1 फर्स्ट एसी का कोच है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 823 यात्री सफर कर सकते हैं। कोच के बीच आने जाने के लिए ऑटोमैटिक दरवाजे और वेस्टीब्यूल को लगाया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के स्टोपेज अन्य ट्रेनों की तुलना में कम रखे गए हैं। इससे सफर को जल्दी पूरा किया जा सकेगा।

### ट्रेन के टिकट का किराया?

3एसी कोच में 400 किलोमीटर के सफर करने पर यात्रियों को 960 रुपए का किराया देना है। सेकंड एसी कोच के लिए यह किराया 1240 रुपए है।

वहीं फर्स्ट एसी में सफर करने पर आपको इतनी दूरी के लिए 1520 रुपए देने होंगे। 1 हजार किलोमीटर की दूरी का सफर करने पर इस ट्रेन का किराया 2400 से लेकर 3800 रुपए तक हो सकता है। इन सब के अलावा वंदे भारत ट्रेन के सस्पेंशन को काफी अच्छा बनाया गया है। इसके अलावा साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए डिसइन्फेक्टेंट तकनीक का इस्तेमाल भी ट्रेन में किया गया है।

◆ **'हरिभूमि' ने कटारा हिल्स, करोंद, कोलार और अयोध्या नगर क्षेत्र से नगर निगम के नलों से लिए थे पानी के सैंपल**


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026




ई-कोलाई मिलने के बाद करोंद के राजीव कॉलोनी में निगम ने सैंपल लिए



कोलार सर्वधर्म डी सेक्टर का सैंपल

## 'हरिभूमि' ने श्यामला हिल्स स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में कराई जांच

# सावधान! कटारा और करोंद में निगम के पानी में है 'जहर'

- *नर्मदा जल और बड़े तालाब के फिल्टर्ड पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया*
- *कटारा के पानी में 1800 और करोंद के पानी में 80 मानक का ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि*
- *पानी में मिला यह वही बैक्टीरिया है जिसकी वजह से इंदौर के भागीरथपुरा में अब तक 24 जानें जा चुकी हैं*
- *मनुआभान टेकरी और बाग सेवनिया फिल्टर प्लांट से चार लाख आबादी को होती है पानी सप्लाई*

वहीद खान और टीम हरिभूमि ▶▶ भोपाल

शहर के खानूगांव, आदमपुर छावनी और वाजपेयी नगर के ग्राउंड वाटर में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद कटारा हिल्स और करोंद में भी खतरनाक बैक्टीरिया मिला है। यहां से लिए गए 2 सैंपल फेल हो गए हैं। पानी में मिला यह वही बैक्टीरिया है, जिसकी वजह से इंदौर के भागीरथपुरा में अब तक 24 जानें जा चुकी हैं।

कटारा हिल्स में बाग सेवनिया फिल्टर प्लांट से नर्मदा जल और करोंद में मनुआभान टेकरी स्थित फिल्टर प्लांट से बड़े तालाब का पानी सप्लाई किया जाता है। दोनों जगहों पर करीब चार लाख की आबादी इस दूषित पानी को पी रही है। पंद्रह दिन पहले इंदौर में दूषित पानी से मौतों के बाद नगर निगम ने शहर में पानी की सैंपलिंग का काम तेज किया है। नगर निगम अब तक अलग-अलग क्षेत्रों से करीब 4 हजार से अधिक सैंपलिंग करा चुका है। इसी दौरान सात जनवरी को हरिभूमि की टीम ने शहर के चार क्षेत्रों से नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी की सैंपलिंग कराई थी, जिसे नगर निगम के नल कनेक्शन से डायरेक्ट लिया गया है। सैंपल्स की श्यामला हिल्स स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में जांच कराई गई।



चारों जगहों के पानी के सैंपल लैब में भेजे गए




12 जनवरी को मिली रिपोर्ट के आधार पर कटारा के पानी में 1800 और करोंद के पानी में 80 मानक का ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि हुई है। 'हरिभूमि' के पास इन जगहों की सैंपल जांच की ओरिजनल रिपोर्ट भी मौजूद है। ऐसे में इन जगहों पर निगम के पानी का पीने के लिए उपयोग करना खतरनाक साबित हो सकता है। यह बैक्टीरिया की एक फैमिली है।

### पीएचई के टेक्निकल मैनेजर बोले- पानी पीने लायक नहीं

*लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला में पदस्थ टेक्निकल मैनेजर प्रदीप मालवीय ने बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट में कटारा हिल्स और करोंद के पते वाले टेप वाटर में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने से यहां का पानी पीने लायक नहीं है। इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।*

### निगम कमिश्नर- संभव है कि सैंपल लेने के दौरान हाथ गंदे हों

शहर के कोलार, अयोध्या, कटारा और करोंद से पानी की सैंपलिंग कराने को लेकर जब निगम कमिश्नर संस्कृति जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हो सकता है नल के पानी का सैंपल लेने के दौरान हाथ गंदे हों। निगम के प्रशिक्षित अमले से सैंपलिंग करा ली जाएगी। हरिभूमि की टीम ने पहला सैंपल एमआईजी-16 गौरीशंकर परिसर बीडीए कॉलोनी कटारा हिल्स, दूसरा मकान नंबर-61 बी सेक्टर राजीव कॉलोनी करोंद, तीसरा डी-97 सर्वधर्म कॉलोनी कोलार रोड और चौथा सैंपल एमआईजी-50 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अयोध्या बाइपास से लिया गया।

### खुद निगम ने साढ़े 4 हजार जगहों से कराई सैंपलिंग

*निगम ने अब तक साढ़े चार हजार से अधिक जगहों से पानी की सैंपलिंग कराई है। जिसमें वाजपेयी नगर, खानूगांव और आदमपुर में पानी दूषित मिला है। अमले ने अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 1384 और शहर में चार हजार से अधिक पानी के सैंपल लेकर 8 लेबोरेटरी में जांच कराई है। शहर में रोजाना 450 मिलियन लीटर पीने का पानी सप्लाई होता है। शहर में अभी पानी सप्लाई 85 प्रतिशत इलाकों में होती है। यह सभी वैध कॉलोनियां हैं। नगर निगम अवैध कॉलोनियों में पानी की सप्लाई नहीं करता है। अभी 2.71 लाख कनेक्शन हैं।*



गौरीशंकर कटारा की रिपोर्ट



राजीव कॉलोनी की रिपोर्ट

## खबर संक्षेप

### चांदी 2.82 लाख किलो के ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत 4,378 रुपए बढ़कर 2,81,890 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले 14 जनवरी को चांदी की कीमत 2,77,512 रुपए थी। 4 दिन में चांदी 40 हजारमहंगी हो चुकी है।



### जस्टिस वर्मा को शीर्ष कोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जस्टिस दीपांकर दत्त और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित कमेटी के खिलाफ दाखिल की गई जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज कर दी। वर्मा ने स्पीकर के फैसले को चुनौती दी थी।



### हरिद्वार में गंगा घाट पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन

**हरिद्वार।** हर की पैड़ी हरिद्वार में गंगा सभा की ओर से जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर लिखा गया है कि यहां पर गैर हिंदुओं का आना वर्जित है। गंगा सभा हर की पैड़ी हरिद्वार के अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम ने कहा कि 1916 में अंग्रेज सरकार के समय नगर पालिका के तहत म्युनिसिपल एक्ट बनाया था, जिसमें यहां पाबंदी लगाई गई थी।





### बीएमसी चुनाव के नतीजे घोषित

*भाजपा महायुति की प्रचंड जीत, 29 नगर पालिका में से 23 पर लहराया केसरिया*

*वोटर बोला -जय जय महाराष्ट्र माझा.... महाराष्ट्र में 'मराठी मानुष' का नैरेटिव ध्वस्त...ठाकरे ब्रदर्स पस्त...चाचा-भतीजे भी पस्त*

# 'चप्पा-चप्पा' भाजपा चले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब यह लगभग तय हो गया है कि पूरे देश में भाजपा का करंट है। हाल में केरल जैसे राज्य में तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बना। और, अब महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की महायुति ने इंडी गठबंधन यानी उद्धव-राज ठाकरे व शरद पवार-अजित पवार की पार्टियों को धूल चटा दी। करीब 25 साल बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका, जिसे बीएमसी के तौर पर भी जाना जाता है से ठाकरे परिवार मुंबई महानगरपालिका पर शासन से ही बाहर हो जाएगा। जो नतीजे हैं, उसके मुताबिक 29 नगर पालिका में से 23 में भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं, पुणे में पवार परिवार को तगड़ा झटका लगा है। बीएमसी के चुनाव तय समय से करीब चार साल के अंतराल के बाद कराए गए हैं। माना जा रहा है कि चुनाव से पहले उद्धव व राज का मिलना भी बेकार गया। वजह साफ है कि दोनों ने महाराष्ट्र में मराठी मानुष का नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की थी। पर यह वोटरों ने ध्वस्त कर दिया। दोनों ने पर प्रांत व उत्तर भारतीयों के प्रति जो घृणा की राजनीति की, जो नकारात्मक राजनीति की, उसका भाजपा ने विकास की राजनीति से अंत कर दिया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कह दिया था कि महाराष्ट्र में रह रहे लोग महाराज शिवाजी राजे की ही संतानें हैं।

*पहाड़ से सागर तक, भारत का कोई भी हिस्सा हो, जनता हर जगह कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन को नकार रही है*



- *करीब 25 साल बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका, जिसे बीएमसी के तौर पर भी जाना जाता है से ठाकरे परिवार शासन से ही बाहर*
- *बृहन्मुंबई नगर निगम दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अमीर नगर निगम भी है। इसका बजट कई राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कुल बजट से ज्यादा*

### महायुति जीती कैसे?

1. **विकास का मुद्दा:** भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में मुख्य रूप से विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया। पार्टी ने कोस्टल रोड, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश किया। भाजपा ने मतदाताओं को यह समझाने पर जोर दिया कि उन्होंने मुंबई के लिए क्या-क्या काम किए हैं।
2. **महायुति गठबंधन:** देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के एक साथ आने से उनकी ताकत बढ़ गई। दूसरी तरफ शिवसेना, जो अपने मूल स्वरूप में चुनाव जीतती थी, उसकी ताकत बंट गई।

### ठाकरे बंधु हारे कैसे?

1. **पार्टी में विभाजन और कमजोर नींव:** शिवसेना के दो फाड़ होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी की नींव हिल गई थी। उनके कई विधायक और नगर सेवक उन्हें छोड़कर एकनाथ शिंदे के साथ चले गए, जिससे पार्टी का संगठनात्मक ढांचा कमजोर हुआ।
2. **पुराने मुद्दों पर अत्यधिक निर्भरता:** उद्धव ठाकरे ने मराठी मानुष और मुंबई को तोड़ने की साजिश जैसे पारंपरिक मुद्दों को आगे बढ़ाया। इससे मुंबई की जनता ने महसूस किया कि केवल राजनीतिक फायदे के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल किया गया, जबकि मराठी लोगों के लिए पर्याप्त काम नहीं किया गया।

### महायुति की बढ़त पर फडणवीस ने दी बधाई

महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में भाजपा–शिवसेना महायुति बढ़त बनाए हुए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को फोन कर जीत की ओर बढ़ने पर बधाई दी। इसके अलावा, मुंबई महानगरपालिका चुनावों में भी महायुति की बढ़त पर सीएम फडणवीस ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमीत साटम से बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा ने दी नसीहत

## राहुल जी अपना आईना साफ मत करिए

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बीएमसी चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र की भाषा में कहते हैं जय-जय महाराष्ट्र माझा। आज महाराष्ट्र की जनता ने हमें जो समर्थन दिया है, इसके लिए विनम्रता से आभार। ये छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। जैसे शिवाजी की चतुरंगिणी सेना मन में उमंग धारण करके चलती थी, वैसे ही देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा आगे बढ़ रही है।

### राहुल गांधी बोले

## जनता को भ्रमित कर रहा आयोग, वोट चोरी देशविरोधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जनता को गुमराह कर रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में कुछ अखबारों का स्क्रीनशॉट साझा किया। इसमें गुरुवार को नगर निगम चुनाव के मतदान के दौरान वोट डालने के बाद अंगुली पर लगाई जा रही स्याही मिटाने के मामले को उठाया। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र में भरोसे की गिरावट बताया।

### नई दिल्ली की जगह सफदरजंग स्टेशन पहुंचेगी

## इंदौर-दिल्ली सुपरफास्ट का रूट बदला, अब हिसार तक जाएगी

*इंदौर के यात्रियों को करना होगा दिक्कत का सामना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंदौर से राजधानी दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्री ध्यान दें। रेल मंत्रालय ने दोनों शहरों के बीच चलने वाली इंदौर-दिल्ली (त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 20957/58) के रूट विस्तार को मंजूरी दे दी है।



अब यह ट्रेन इंदौर से रोहतक-महम के रास्ते हिसार तक चलाई जाएगी। इस विस्तार से न केवल हिसार बल्कि रोहतक और महम के आसपास के लोगों के लिए भी इंदौर आना-जाना आसान होगा। क्योंकि इन शहरों से इंदौर के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है।

### आम बजट की हलवा सेरेमनी अगले सप्ताह

## नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही छपेगा बजट कर्मचारी 15 दिन रहेंगे बिल्कुल क्वारेंटाइन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का पता भले ही बदल गया हो, लेकिन अत्यधिक गोपनीय बजट दस्तावेजों की छपाई पुरानी पते यानी नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही जारी रहेगी। वित्त मंत्री और उनकी अधिकांश टीम सितंबर 2025 में कर्तव्य भवन में स्थित आधुनिक केंद्रीय सचिवालय कार्यालय में स्थानांतरित हो गई। दरअसल, नए पते पर अभी तक कोई ऐसा प्रिंटिंग प्रेस नहीं है, जो सार्वजनिक नजरों से दूर हो।



- प्रिंटिंग प्रेस में एक लैंडलाइन फोन, जिसमें सिर्फ इनकमिंग की सुविधा

**क्यों की जाती है हलवा सेरेमनी?**

*भारतीय परंपरा में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले मुंह मीठा कराने का चलन है। यही कारण है कि बजट बनाने की शुरुआत भी हलवा सेरेमनी की जाती है। इस अवसर पर वित्त मंत्री स्वयं प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों को हलवा बांटकर प्रिंटिंग प्रक्रिया की शुरुआत करती हैं।*

## आईपीएस सर्विस मीट 2026 के शुभारंभ पर बोले सीएम




### नक्सलियों का सफाया करना असंभव को संभव करने जैसा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करना असंभव को संभव करने जैसा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश से नक्सल उन्मूलन के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की ड्यूटी में कई तरह की चुनौतियां होती हैं, लेकिन पुलिस बल हर समय अपने कर्तव्य पर उत्साह और उमंग के साथ डटा रहता है। सीएम कुशाभाऊ कन्वेंशन सभागार में आईपीएस मीट 2026 के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतों को मप्र पुलिस जड़ से खत्म कर रही है।*

### ओंकारेश्वर में 25 जनवरी को नर्मदा जयंती का आयोजन

## भीड़ नियंत्रण के लिए इंदौर हाइवे पर प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

*इंदौर- एदलाबाद मार्ग पर रहेगी रोक, वैकल्पिक मार्ग का करना होगा उपयोग*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ओंकारेश्वर में नर्मदा जयंती 25 जनवरी को मनेगी। इस दौरान ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ नर्मदा नदी में स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना रहती है। जिले का खंडवा-इंदौर मार्ग अत्यन्त व्यस्ततम सड़क मार्ग है, जिस पर भारी और हल्के वाहन का आवागमन निरंतर रूप से चलता रहता है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा और जनसामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 19 से 25 जनवरी तक खंडवा-इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

### रतलाम में ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़...दबिश के दौरान पुलिस टीम पर हमला

*आरोपी दिलावर खान पठान सांसद चंद्रशेखर का करीबी*

## 10 किलो एमडी ड्रग्स जब्त, अंतराष्ट्रीय स्तर पर कीमत 200 करोड़, बंदूक, 2 मोर, चंदन की लकड़ियां मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले के जावरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिकलाना में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे पुलिस ने मस्जिद के पीछे स्थित एक मकान पर दबिश देकर यह कार्रवाई की। उक्त मकान दिलावर खान पठान का बताया जा रहा है जहां बीते लगभग एक वर्ष से अवैध गतिविधियां संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दिलावर खान विधानसभा का चुनाव लड़ चुका है और सांसद चंद्रशेखर का करीबी बताया जाता है। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

◆ *पुलिस ने मौके से 10 से ज्यादा आरोपियों को हिरासत में लिया*



दिलावर पठान



मौके पर भारी पुलिस बल

### 10 से अधिक आरोपी हिरासत में

पुलिस ने मौके से 10 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

### इंदौर में इवेंट की आड़ में ड्रग्स सप्लाई का कारोबार

*इंदौर। कनाड़िया पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो हाईप्रोफाइल पार्टियों में एमडी ड्रग्स की सप्लाई कर रहा था। गिरोह का संचालक इवेंट कंपनी संचालित करता है और पब, रेस्त्रां, बार और फार्म हउस में होने वाली पार्टियों में लड़कियों के माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई करता था। पुलिस ने कोहेफिजा कालोनी (भोपाल) निवासी आबान शकील को 5 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया था। लग्जरी कारों का शौकीन आबान पब में पार्टी करने आया था।*


सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन
विकसित भारत की राह पर एक सशक्त कदम
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
''हमारी सरकार सुगम सम्पर्क, तेज विकास, बेहतर सुरक्षा और सबकी समृद्धि सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए लगातार कदम उठा रही है।''
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
₹4,400 करोड़ से अधिक की लागत से कुल 181 किमी लंबी 8 सड़क परियोजनाओं एवं 3 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का लोकार्पण एवं शिलान्यास
लोकार्पण
रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में अब्दुल्लागंज से इटारसी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण
NH-46, लंबाई – 12 किमी. लागत – ₹ 418 करोड़
CRIF के अंतर्गत देहगांव से बम्होरी मार्ग निर्माण
लंबाई – 27 किमी. लागत – ₹ 60 करोड़
शिलान्यास
भोपाल से विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण
NH-146, लंबाई – 42 किमी. लागत – ₹ 1041 करोड़
विदिशा से ग्यारसपुर खंड का 4-लेन चौड़ीकरण
NH-146, लंबाई – 29 किमी. लागत – ₹ 543 करोड़
ग्यारसपुर से राहतगढ़ खंड का 4-लेन चौड़ीकरण
NH-146, लंबाई – 36 किमी. लागत – ₹ 903 करोड़
राहतगढ़ से बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण
NH-146, लंबाई – 10 किमी. लागत – ₹ 731 करोड़
विदिशा जिले में 01 (ग्राम बगरोद) तथा सागर जिले में 02 (ग्राम भापेल एवं छापरी) ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (DTC)
लागत – ₹ 7.5 करोड़
सागर वेस्टर्न बाईपास (ग्रीनफील्ड) का 4-लेन सड़क निर्माण
लंबाई – 20 किमी. लागत – ₹ 688 करोड़
NH-46 के भोपाल-ब्यावरा खंड पर नरसिंहगढ़ जंक्शन, झिरनिया, हिंगोनी एवं बड़ोदिया तालाब जोड़ पर 05 अंडरपास का निर्माण कार्य
लंबाई – 5 किमी. लागत – ₹ 122 करोड़
परियोजनाओं से होने वाले लाभ
• सुदृढ़ सड़क संपर्क से निवेश, आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा
• भोपाल-होशंगाबाद-बैतूल-नागपुर के बीच सुगम, तेज और समय-बचत वाला आवागमन
• रातापानी वन क्षेत्र में न्यूनतम व्यवधान के साथ 4-लेन चौड़ीकरण, संरक्षण को मजबूती
• रातापानी अभ्यारण्य एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तक बेहतर पहुंच से पर्यटन, रोजगार और सड़क सुरक्षा में सुधार
• बेहतर सड़क संपर्क से विदिशा के गेहूं एवं कृषि उत्पादों के व्यापार व निर्यात को प्रोत्साहन
• भोपाल-विदिशा-ग्यारसपुर-बेरखेड़ी के 4-लेन चौड़ीकरण से विदिशा से सागर तथा कानपुर की ओर बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी
• सांची व उदयगिरि तक बेहतर आवागमन से पर्यटन और स्थानीय रोजगार में वृद्धि
• सड़क ज्यामिति सुधार से सुरक्षा सुदृढ़, दुर्घटनाओं में कमी
• सागर वेस्टर्न बाईपास से शहर का ट्रैफिक डायवर्जन, समय-दूरी की बचत और लॉजिस्टिक दक्षता
• 4-लेन चौड़ीकरण से यात्रा समय व दूरी में उल्लेखनीय कमी
• भोपाल-ब्यावरा खंड पर अंडरपास से ब्लैकस्पॉट सुधार और सुरक्षित यात्रा
• बेहतर कनेक्टिविटी से आवश्यक सेवाओं तक तेज़ और सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी
नितिन गडकरी
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के द्वारा
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में
शिवराज सिंह चौहान
कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में
गरिमामयी उपस्थिति
जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन
राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन
अजय टम्टा, राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
हर्ष मल्होत्रा, राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
राकेश सिंह, मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन
उदय प्रताप सिंह, मंत्री, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा म.प्र शासन
गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, म.प्र. शासन
कृष्णा गौर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु कल्याण, म.प्र. शासन
रोडमल नागर, सांसद, राजगढ़
आलोक शर्मा, सांसद, भोपाल
डॉ. लता वानखेड़े, सांसद, सागर
परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण
डॉ. प्रभुराम चौधरी | सुरेंद्र पटवा | प्रदीप लारिया | शैलेन्द्र कुमार जैन | रामेश्वर शर्मा | हरि सिंह रघुवंशी | सुदेश राय | मोहन शर्मा | मुकेश टंडन | देवेंद्र पटेल | वीरेन्द्र सिंह लोधी | उमाकांत शर्मा
शनिवार, 17 जनवरी 2026 | दोपहर 1:00 बजे | ओल्ड मंडी ग्राउंड, विदिशा (म.प्र.)
CBC 37107/15/0017/2526
सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी
FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

## खबर संक्षेप

### सिग्मा सॉल्व की एबिटडा बढ़कर 26 करोड़ हुआ


**मुंबई।** सिग्मा सॉल्व लिमिटेड एक अग्रणी एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी है, जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत में अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने वित्तीय 2025 तीमाही के लिए अपने अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2026 के तीमाही में कुल आय 2,639.43 लाख रुपए, एबिटडा 951 लाख, शुद्ध लाभ 670.05 लाख रुपए का हुआ।

### अमेजन सेल शुरू, दे रहा है 50 फीसदी तक की छूट

**नई दिल्ली।** सेंहाइजर, ऑडियो टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर, गणतंत्र दिवस सेल 2026 के दौरान अपने प्रीमियम प्रोडक्ट रेंज पर ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स की घोषणा कर रहा है, जो 16 जनवरी से सभी ग्राहकों के लिए शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम और नॉन-प्राइम सदस्य शामिल हैं। ग्राहक सेंजाइजर के टॉप प्रोडक्ट्स पर 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई पर अतिरिक्त छूट का भी फायदा उठा सकते हैं।

### सरल आदतों को अपनाने पर अनन्या ने दिया जोर

**मुंबई।** अनन्या पांडे 2026 में कदम रखते हुए खुद को रियल बनाए रख रही हैं। एक नए इंस्टाग्राम रील में



अभिनेत्री आईने के सामने खड़े होकर नए साल के संकल्पों से जुड़ी परिचित दबाव पर खुद से बात करती नज़र आती हैं। वह अहम हिस्सा भी साझा करती हैं। दिन की शुरुआत मुट्ठी भर कैलिफोर्निया बादाम से करना। प्राकृतिक ऊर्जा का स्रोत होने के कारण बादाम उन्हें पूरे दिन सक्रिय रखते हैं। वहीं इनमें मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन-ई त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

---

एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने की प्रेमानंद महाराज से चर्चा

# आने वाली नई पीढ़ी है भारत का भविष्य: प्रेमानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के प्रसिद्ध संत गुरु प्रेमानंद महाराज अपने अनमोल विचारों और सरल प्रवचनों से अनगिनत लोगों के जीवन को नई दिशा दे चुके हैं। हाल ही में एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने प्रेमानंद महाराज से खुलकर बातचीत की और बताया कि कैसे महाराज उनके जीवन का मार्गदर्शक बनें।

एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने महाराज को बताया कि हमारे यहां 4 लाख बच्चे पढ़ते हैं, जो आपसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते जा रहे हैं। हमारे यहां रोजाना की शुरुआत भी प्रार्थना से होती है। बच्चों में बहुत ही ज्यादा परिवर्तन आ रहा है, जो आप संदेश दे रहे हैं, हमारे यहां सब बच्चे उसको फॉलो करते हैं। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा कि बच्चे हमारे भारत का भविष्य है, उनमें कौन क्या बनेगा छिपा हुआ है। हमारी बस यही इच्छा है कि आज की नई पीढ़ी व्यसन और गलत विचारों से दूर रहे, जो युवा नशे और बुरी आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, वे उनसे बचें, ताकि उनके भीतर देश और समाज की सेवा करने का उत्साह जागे। यदि कोई अच्छा डॉक्टर बनेगा तो वह कई लोगों को राहत देगा, कोई अच्छा विधायक या एमएलए बनेगा तो समाज के लिए काम करेगा, कोई अच्छा शिक्षक बनेगा तो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देगा. अलग-अलग रूपों में यही बच्चे आगे चलकर समाज का निर्माण करेंगे।



प्रणाम करते हुए एलन के डायरेक्टर

### सही लक्ष्य ही है जीवन का सही मार्ग

यदि ये सभी बच्चे स्वार्थ और परमार्थ के संतुलन के साथ, अध्यात्म से जुड़ जाएं, तो यही लोग समाज को सुख देने वाले बन जाएंगे. इसलिए गुरुजनों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को ऐसी प्रेरणा दें, जिससे उनकी बुद्धि सुरक्षित रहे और वे व्यसन व गलत विचारों में न फंसें. जब तक उनका लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, तब तक उनका मन और स्मृति इधर-उधर भटकने न पाए।

### एलन इंस्टीट्यूट है भारत में प्रसिद्ध

*एलन इंस्टीट्यूट मुख्य रूप से एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान है जो भारत में जेईई (इंजीनियरिंग) और नीट (मेडिकल) जैसी एग्जाम्स की तैयारी करवाता है, खासकर कोटा से शुरू होकर पूरे देश में मशहूर हुआ है।*

---

कार्यक्रम आईसीएआई शाखा अध्यक्ष सीए अर्पित राय के नेतृत्व में आयोजित हुआ

# शेयर बाजार धन जुटाने का सशक्त माध्यम, सट्टा नहीं : चेयरमैन सीए राठी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शेयर बाजार, निवेश रणनीतियों और वित्तीय साक्षरता पर आधारित एक भव्य एवं अत्यंत सफल कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय परिषद सदस्य सीए दुर्गेश काबरा एवं सीए अभय छाजेड़ के मार्गदर्शन तथा आईसीएआई शाखा भोपाल अध्यक्ष सीए अर्पित राय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवेशकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए आनंद राठी, चेयरमैन, आनंद राठी ग्रुप ने कहा कि शेयर बाजार धन सृजन का जरिया है, सट्टा नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निवेश तीन से पांच वर्ष या उससे अधिक की लंबी अवधि के लिए अनुशासन और सही समझ के साथ किया जाए, तो इक्विटी बाजार फिक्स्ड डिपॉजिट या सोने जैसे पारंपरिक निवेश विकल्पों की तुलना में बेहतर रिटर्न देता है।





कार्यक्रम का शुभारंभ और संबोधित करते हुए

### निवेश बनाम सट्टा, भ्रांतियों का खंडन

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार को सट्टा कहना गलत है। जोखिम तब बढ़ता है जब बिना पर्याप्त ज्ञान के अल्पकालिक ट्रेडिंग या एफएंडओ में प्रवेश किया जाता है। आम निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड के माध्यम से एसआईपी को उन्होंने सबसे सुरक्षित और प्रभावी माध्यम बताया। बचत- आय का 30 से 35 फीसदी नियमित रूप से बचाएँ। बाजार आवंटन-बचत का कम से कम 25फीसदी शेयर बाजार में निवेश करें। लचीलापन-आवश्यकता व जोखिम क्षमता अनुसार यह 50–80 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार का भविष्य

सीए आनंद राठी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। आगामी 5 से 10 वर्षों में भारत की विकास दर मजबूत रहने की संभावना है, जिसका सकारात्मक प्रभाव शेयर बाजार पर पड़ेगा।

---

सीसीआई और सीआईआई का संयुक्त वार्षिक सम्मेलन

# अध्यक्ष कौर ने भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था में कानून की विकसित होती भूमिका पर प्रकाश डाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून और व्यवहार पर वार्षिक सम्मेलन में सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा कानून की विकसित होती भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने अनुकूल प्रवर्तन, डिजिटल बाजारों और नवाचार-अनुकूल ढांचे के लिए नियामक की परिवर्तनकारी भूमिका और डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी और डेटा के बीच प्रभाव-आधारित प्रवर्तन के लिए नियामक की भूमिका पर बल दिया। अध्यक्ष रवनीत कौर ने बाजार की वास्तविकताओं को समझने, नियामक स्पष्टता सुनिश्चित करने और अनुपालन को बढ़ावा देने में संवाद के महत्व पर जोर दिया। बताया कि नियामक एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र में अपने विश्लेषणात्मक उपकरणों और प्रवर्तन दृष्टिकोणों को लगातार परिष्कृत कर रहा है, जो एक निष्पक्ष, पूर्वानुमानित, पारदर्शी और नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को आकार देने और बढ़ावा देने में सहायक है।





वार्षिक सम्मेलन

### भौतिक प्रभाव की निचली सीमा को अपनाया गया

*उन्होंने उल्लेख किया कि प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम 2023 विशेष महत्व रखता है क्योंकि ये संशोधन समकालीन बाजार वास्तविकताओं के अनुरूप भारत के प्रतिस्पर्धा कानून ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीआई की अध्यक्ष ने नियामक के विलय संबंधी उपायों को स्वीकार करने की दिशा में किए गए प्रमुख बदलाव पर प्रकाश डाला, जिसमें पारंपरिक 'निर्णायक प्रभाव' से हटकर 'भौतिक प्रभाव' की निचली सीमा को अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक रूप से संवेदनशील सूचनाओं (सीएसआई) का आदान-प्रदान अब विलय नियंत्रण का एक नया स्तंभ माना जाता है। सीसीआई की अध्यक्ष ने अनुपालन और बाजार सुधार को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील प्रवर्तन उपकरणों के रूप में लेनियंसी प्रोग्राम 2.0, प्रतिबद्धताओं और समझौतों के महत्व पर बल दिया।*

---

गेहूं की बिक्री का ऑफर 2 लाख टन से घटाकर एक लाख टन तय किया

# एफसीआई ने फिर शुरू की ई-नीलामी की प्रक्रिया से गेहूं की बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) खुले बाजार में ओएमएसएस के तहत गेहूं की बिक्री के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया पुनः आरंभ की। जिसे दिसंबर 2025 में स्थगित कर दी गई थी। इस नई नीलामी में मिलर्स-प्रोसेसर्स ने सरकारी गेहूं की खरीद में अच्छी दिलचस्पी दिखाई। गौरतलब है कि नवंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित नीलामी के दौरान खाद्य निगम को कुल ऑफर के सापेक्ष केवल 36.40 प्रतिशत गेहूं बेचने में सफलता मिली थी, लेकिन बुधवार को 14 जनवरी 2026 को आयोजित नीलामी में 92 प्रतिशत गेहूं की बिक्री करने में कामयाबी हासिल हो गई। इस बार गेहूं की बिक्री का ऑफर 2 लाख टन से घटाकर एक लाख टन नियत किया गया था, जिसमें से लगभग 92 प्रतिशत यानी 92 हजार टन की बिक्री की गई। पंजाब, हरियाणा एवं आसाम सहित कुछ अन्य राज्यों में ऑफर के सापेक्ष गेहूं की संपूर्ण मात्रा की बिक्री हो गई। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इन प्रांतों के फ्लोर मिलर्स-प्रोसेसर्स के पास गेहूं का सीमित स्टॉक मौजूद था।



### कीमतों में देखी जा रही तेजी मजबूती की सुगबुगाहट

नवम्बर-दिसम्बर 2025 की प्रत्येक नीलामी में 2-2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था जबकि जनवरी 2026 की पहली नीलामी में ऑफर की मात्रा 50 प्रतिशत घटा दी गई। समझा जाता है कि भारतीय खाद्य निगम इस नीलामी के जरिए मार्केट की स्थिति को जांचना-परखना चाहता था और इसके रिस्पांस के आधार पर आगे की रणनीति बनाने का प्लान बना सकता है। देश के अधिकांश मार्केट में गेहूं की सीमित आयात हो रही है और कीमतों में भी तेजी मजबूती की सुग-बुगाहट देखी जा रही है। पंजाब-हरियाणा के मिलर्स / प्रोसेसर्स को परिवहन खर्च के अतिरिक्त भार से राहत मिल जाती है इसलिए वहां सरकारी गेहूं की अधिक खरीद होती है।

---

# अमेजन-फ्लिपकार्ट समेत 8 ई-कॉमर्स कंपनियों पर 44 लाख रुपए का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी वॉकी-टॉकी बेचने के लिए एक्शन लिया है। सीसीपीए ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और मेटा समेत आठ कंपनियों पर कुल 44 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। इन प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे वॉकी-टॉकी बेचे जा रहे थे जिनके पास जरूरी लाइसेंस या तकनीकी मंजूरी नहीं थी।

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 और टेलीकॉम कानूनों के उल्लंघन के लिए की गई है। अथॉरिटी ने जांच में पाया कि इन वेबसाइट्स पर 16,970 से ज्यादा ऐसे प्रोडक्ट लिस्टेड थे, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि मीशो, मेटा (फेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट और अमेजन पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

---

# नैफेड 19 जनवरी को कृषि उत्पादों के लिए ई-नीलामी साइट खोलेगा

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अधीनस्थ एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नैफेड) को मुख्यतः किसानों से दलहन, तिलहन एवं कोपरा की खरीद का दायित्व सौंपा जाता है।

अब इन उत्पादों की खरीद बिक्री के लिए महासंघ ने 19 जनवरी 2026 को अपना ई-नीलामी पोर्टल आरंभ करने का निर्णय लिया है। इस एजेंसी द्वारा मूल्य समर्थन योजना तथा मूल्य स्थिरीकरण कोष स्कीम के अंतर्गत किसानों से करीब 53 लाख दलहन-तिलहन की वार्षिक खरीद की गई थ।

जिसे बेचने के लिए उसे निजी प्लेटफार्म का सहारा लेना पड़ रहा है, लेकिन जब उसका अपना पोर्टल आरंभ हो जाएगा तब प्राइवेट प्लेटफार्म की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

---



**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर/03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


---

# एनबीएफसी सहित ऋणदाता कर रहे पोर्टफोलियो को संतुलित करने की ओर अपना रूख : नीरज जैन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घर खरीदने का सपना हमेशा से हर भारतीय के लिए एक अंतिम लक्ष्य रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक आकांक्षा रोटी-कपड़ा-मकान में गहराई से बसा है। घर को भावनात्मक और वित्तीय सुरक्षा के एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में देखा जाता था एक ऐसी संपत्ति जिसे बचाकर रखा जाता था और अंततः अगली पीढ़ी को सौंप दिया जाता था। हालांकि अब हम इस मानसिकता में एक गहरा बदलाव देख रहे हैं। यह बात होम क्रेडिट इंडिया के लोन अगेंस्ट प्रापर्टी हेड, नीरज जैन ने कही। उन्होंने कहाकि इसी बदलाव ने लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी (एलएपी) को भारत के आधुनिक ऋण ईकोसिस्टम के केंद्र में ला खड़ा किया है। एनबीएफसी सहित सभी ऋणदाता अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए रणनीतिक रूप से गैर-आवासीय सिक्योर्ड प्रॉडक्ट्स की ओर रुख कर रहे हैं, जिसने ऋण बाजार में एलएपी की स्थिति को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, होम लोन और एलएपी सहित संपत्ति से जुड़े ऋणों की हिस्सेदारी वितरण में सबसे अधिक रही। इस क्षेत्र में, एक करोड़ रुपए से अधिक के बड़े लोन कुल वॉल्यूम का 21 फीसदी रहे, जो सुरक्षित ऋण लेने के प्रति स्पष्ट झुकाव को दर्शाता है। होम लोन की संख्या और मूल्य में क्रमशः 10 फीसदी और 15 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि ने संपत्ति-आधारित ऋण के विस्तार को और पुख्ता किया है।

---

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।


**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

---

## शब्द पहेली - 6111



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6110 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |

---

## सूडोकु नवताल - 6121

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SEVACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6120 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: मजबूत शुरुआत के बाद आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम

एजेंसी ▸▸| बुलावायो

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार 17 जनवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

### भारत के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प

बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी, दोपहर 1 बजे से मुकाबला



### अजीजुल हकीम के नेतृत्व क्षमता की परीक्षा

जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसके पास कप्तान अजीजुल हकीम के रूप में अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उनके नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। हकीम उप कप्तान ज़ावद अबरार के साथ बांग्लादेश की बल्लेबाजी की अगुवाई करेंगे। अंडर-19 स्तर पर दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 2024 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के पास एक अन्य बल्लेबाज कलाम सिद्दीकी भी है, जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है।

### बांग्लादेश की गेंदबाजी मजबूत


बांग्लादेश के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है। उसके तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन और अल फहद को जिम्बाब्वे की तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है। इन दोनों गेंदबाज ने पिछले अंडर-19 विश्व कप के बाद से क्रमशः 45 और 43 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर समीउन बसीर भी उनसे कुछ ही पीछे हैं। उन्होंने इस अवधि में 29 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट चार से कम है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, एरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलन ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

**बांग्लादेश** : अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, समिउन बसीर रतुल, शेख परवेज जिबोन, रिज़ान होसन, शहरिया अल अमीन, शादीन इस्लाम, मोहम्मद अब्दुल्ला, फरीद हसन फैसल, कलाम सिद्दीकी अलीन, रिफत बेग, साद इस्लाम रजिन, अल फहद, शहरयार अहमद, इकबाल हुसैन।

## खबर संक्षेप



### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन

**होनोलूलू।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों का बहिष्कार खत्म

**ढाका।** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित



को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया, जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए। सीनियर खिलाड़ियों ने बीसीबी निदेशक नजमुल इस्लाम की उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में बगावत कर दी थी, जिससे बोर्ड की शीर्ष टी20 लीग के ठप होने का खतरा पैदा हो गया था। बीसीबी ने स्थिति संभालने के लिए नजमुल को अपनी वित्त समिति के प्रमुख पद से हटा दिया, जिससे हालात कुछ हद तक नियंत्रण में आए। 'क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश' (सीडब्ल्यूएबी) के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने कहा कि खिलाड़ियों के हित के लिए उन्हें कुछ बातों पर समझौता करना पड़ा।

### चेन्नई सिंघम्स की लगातार दूसरी जीत, राइजर्स को हराया



**सूरत।** चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे उसकी टीम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चेन्नई सिंघम्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाए, जो वर्तमान सत्र में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। उसकी तरफ से उप कप्तान केतन म्हात्रे ने 54 और जगन्नाथ सरकार ने 37 रन बनाए। इसके जवाब में फाल्कन राइजर्स हैदराबाद की टीम सात विकेट पर 80 रन ही बना पाई।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे कल दोपहर 12.30 बजे से

# निर्णायक मुकाबले में कुलदीप की फिरकी पर टिकी भारत की उम्मीदें

एजेंसी ▸▸| इंदौर

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिन गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि उसके बल्लेबाजों को कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवरों की कमजोरियां उजागर हो गईं।

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर नियंत्रण नहीं बना सके कुलदीप

इनमें सबसे अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने ना तो नियंत्रण बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। इस मैच में शतक लगाने वाले डैरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की 'लेंथ और लाइन' दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवरों में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया। कीवी बल्लेबाजों ने उनकी गेंदों को बहुत प्रभावी ढंग से स्वीप किया। यह रणनीति उनके लिए टेस्ट मैचों में भी कारगर साबित हुई थी। भारत के स्पिनर बल्लेबाजों पर लगातार दबाव नहीं बना पाए।



### कुलदीप को रखना होगा गेंद को सपाट

इसके विपरीत न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। इंदौर का मैदान अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों के लिए जाना जाता है। इसलिए यहां विविधता के बजाय अनुशासित गेंदबाजी करना अधिक महत्व रखता है। भारत के गेंदबाजों विशेषकर कुलदीप को गेंद को अधिक सपाट रखना होगा, स्टंप्स पर आक्रमण करना होगा और मैदान के बड़े हिस्सों का पूरी चतुराई के साथ इस्तेमाल करना होगा। ऐसी पिच पर जहां गलत शॉट भी अक्सर छक्के में तब्दील हो जाते हैं, वहां लेंथ को नियंत्रित करना और चौके लगाने के विकल्पों को कम करना महतहोगा।

### भारत को करना होगा तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत

टीम प्रबंधन स्पिन गेंदबाजी से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर भी विचार कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया जाता है या नहीं। अगर अर्शदीप सिंह को टीम में दिया जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर होना पड़ेगा लेकिन पिछले दो मैच में उनका प्रदर्शन खराब नहीं रहा है। प्रसिद्ध की गेंदबाजी की लेंथ उनके खिलाफ जा सकती है। उनकी स्वाभाविक लेंथ बैक ऑफ द लेंथ है, जिसका फायदा छोटे मैदानों पर उठाया जा सकता है, जबकि अर्शदीप अपनी फुल लेंथ गेंदबाजी से होलकर स्टेडियम में अधिक कारगर साबित हो सकते हैं।

### सिराज करेंगे गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई

मोहम्मद सिराज निश्चित रूप से गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जबकि अंतिम संयोजन इस पर निर्भर कर सकता है कि क्या भारत एकमात्र स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा मौजूदगी में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज का विकल्प चुनता है या नहीं। जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है तो भारत के मुख्य बल्लेबाजों में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। कप्तान शुभमन गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर भारतीय टीम की रणनीति के केंद्र में बने हुए हैं। भारत को अगर श्रृंखला अपने नाम करनी है तो उसे तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### होलकर स्टेडियम में भारत का रिकॉर्ड अच्छा

होलकर स्टेडियम में हालांकि भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। होलकर स्टेडियम में उसने अपने पिछले सभी पांच मैच जीते हैं। भारत ने यहां इंग्लैंड (2006, 2008), वेस्टइंडीज (2011), दक्षिण अफ्रीका (2015) और ऑस्ट्रेलिया (2017) को हराया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को अभ्यास नहीं किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने वैकल्पिक सत्र होने के बावजूद जमकर पसीना बहाया।

## एसए20

# बार्टमैन की हैट्रिक से जीता पार्ल रॉयल्स, प्लेऑफ में जगह पक्की



एजेंसी ▸▸| सेंचुरियन

ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए, जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया।

इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था। बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिज़ाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई। इससे पहले उन्होंने कॉनर एस्टरहुइज़न और जॉर्डन कॉक्स को लगातार गेंद पर आउट किया। यह 32 वर्षीय गेंदबाज लीग में अब 57 विकेट ले चुका है, जो इस टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्को यानसन को पीछे छोड़ा।

## ऑकलैंड ओपन

# बाएज और मेनसिक में खिताबी मुकाबला, शेल्टन हुए बाहर







एजेंसी ▸▸| ऑकलैंड

विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए।

फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

### चिन्नास्वामी में लगेंगे एआई युक्त कैमरे, फैन सेफटी होगी हाई-टेक

*बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से आईपीएल मुकाबले छीने जाने से रोकने के लिए स्टेडियम में एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) तकनीक से युक्त 300 से 350 कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है और साथ ही उसने इस भीड़ प्रबंधन पहल के लिए आने वाला अनुमानित चार करोड़ 50 लाख रुपए का पूरा खर्चा उठाने की पेशकश की है। आरसीबी ने यह प्रस्ताव कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को एक आधिकारिक पत्र के जरिए से दिया है। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, 'आरसीबी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 300 से 350 एआई से लैस कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है। आरसीबी ने इस पहल की अनुमानित 4.50 करोड़ रुपए की पूरी एकमुश्त लागत उठाने की प्रतिबद्धता भी जताई है।' आरसीबी ने इसमें कहा, 'यह उन्नत निगरानी तकनीक केएससीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भीड़ की आवाजाही को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, अनुशासित कतार व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रवेश और निकास की रियल-टाइम ट्रैकिंग के जरिए अनधिकृत प्रवेश की निगरानी करने और कुल मिलाकर प्रशंसकों की सुरक्षा को काफी हद तक बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।'*



# कोपा डेल रे: रेसिंग सैंटेंडर को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड की कोपा डेल रे में हार के एक दिन बाद मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना ने उलटफेर से बचते हुए दूसरे डिवीजन की शीर्ष टीम रेसिंग सैंटेंडर को 2-0 से हराकर इस फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पिछले साल कोपा फाइनल में बार्सिलोना से हारने वाला रियाल मैड्रिड दूसरी डिवीजन की टीम अल्बासेटे से 3-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। बार्सिलोना की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसे अपना खाता खोलने के लिए एक घंटे से भी अधिक का इंतजार करना पड़ा। उसकी तरफ से फेरान टोरेस ने 66वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लामिन यामल ने इंजरी टाइम के छठे और अंतिम मिनट में गोल करके बार्सिलोना की जीत पक्की कर दी। इस बीच रेसिंग के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए। पहला 77वें मिनट में और दूसरा 86वें मिनट में। उसने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में बराबरी करने का सुनहरा मौका भी गंवाया, जब बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने सब्स्टीट्यूट मानेक्स लोज़ानो के शॉट को शानदार तरीके से बचा लिया।




## आज पहले मैच में सिंदारोव से भिड़ेंगे गुकेश

# टाटा स्टील मास्टर्स : भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▸▸| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार 17 जनवरी से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा।

टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

### प्रज्ञाननंदा का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं

मौजूदा चैंपियन प्रज्ञाननंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### चिदंबरम का सामना ब्लूबाउम से

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम हैं, जो अपने करियर के सबसे मुश्किल टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। प्रज्ञाननंदा पहले मैच में अर्जुन से भिड़ेंगे जबकि चिदंबरम का सामना जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम से होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड के अनीश गिरी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जर्मनी के विन्सेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस बार टूर्नामेंट में नई समय नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 40 चालें चलने तक कोई अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा।




वित्त विभाग के सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश

# एडवोकेट चेंबर व मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए बजट स्वीकृत नहीं करने पर हाईकोर्ट सख्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के गेट नंबर 4 के सामने एडवोकेट चेंबर व मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए बजट स्वीकृति पर अंतिम निर्णय नहीं लेने पर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई के दौरान वित्त विभाग के सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उक्त भवन का शिलान्यास 4 मई, 2025 को हुआ था। हाई कोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड रुपये से आधुनिक लायर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। छह माह तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। इस पर शासन की ओर से दलील दी गई कि वित्त विभाग द्वारा परियोजना कार्यान्वयन इकाई से कुछ स्पष्टीकरण मांगे गए हैं। सरकार के जवाब पर कोर्ट ने कहा कि विगत 17 दिसंबर 2025 को भी सुनवाई के दौरान इसी प्रकार का एक निवेदन किया गया था। सरकार से यह अपेक्षा की गई थी कि सक्षम प्राधिकारी इस मामले में शीघ्रता बरतेंगे और अंतिम निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के दौरान भी सरकार की ओर से यही दलील दी गई थी। कोर्ट ने सरकार को कहा था कि यह उम्मीद की जाती है कि सक्षम प्राधिकारी मामले को शीघ्रता से निपटाएंगे और अगली सुनवाई की तारीख से पहले अंतिम निर्णय लेने का प्रयास करेंगे।

याचिकाकर्ता को शराब के नशे में बाजार में उत्पात मचाते पकड़े जाने का मामला

## एसआई व आरक्षकों के विरुद्ध एफआइआर की मांग निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एसआई व आरक्षकों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका अनुचित पाकर निरस्त कर दी। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने पाया कि कोई भी एफआईआर रिकार्ड पर नहीं रखी गई है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मामले के तथ्यात्मक विवरण को बताने या याचिकाकर्ता के विरुद्ध दर्ज किए गए कथित अपराध की प्रकृति को स्पष्ट करने में भी विफल रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से दी गई ऐसी अस्पष्ट और अस्थिर दलीलों को देखते हुए, वर्तमान याचिका में कोई राहत नहीं दी जा सकती। नरसिंहपुर निवासी याचिकाकर्ता विपिन पटेल की ओर से याचिका दायर की गई। आरोप लगाया कि एक दिसंबर, 2020 को नरसिंहपुर पुलिस ने उसके साथ मारपीट की थी। जब वह शिकायत करने पहुंचा तो भगा दिया गया। लिहाजा, पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत की गई। किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए हाईकोर्ट आना पड़ा। एसआई विश्राम सिंह व आरक्षक संजय पांडे, आशीष मिश्रा की ओर से दलील दी गई कि याचिका दुर्भावना से प्रेरित है। वास्तव में नरसिंहपुर पुलिस ने याचिकाकर्ता को बाजार में शराब के नशे में उत्पात मचाते हुए पकड़ कर उसके विरुद्ध कार्यवाही की थी। याचिकाकर्ता की शिकायत पर एसडीओपी नरसिंहपुर ने जांच की और पाया कि शिकायतकर्ता दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस कर्मचारियों के ऊपर झूठी शिकायत दर्ज कर रहा है।

मप्र विस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य से जुड़ा प्रकरण

## एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि प्रकरण पर अब 26 फरवरी को होगी बहस


**जबलपुर।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक अजय सिंह राहुल व जबलपुर के विधायक लखन घनघोरिया के विरुद्ध मानहानि प्रकरण पर बहस के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत कर दी है। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी को नोटिस जारी किए थे। दरअसल, विजय पांडे की ओर से दायर परिवाद में कहा गया है कि वे नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के पद पर जबलपुर में पदस्थ थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित अन्य कांग्रेसी विधायकों ने पत्रकारवार्ता में उसकी अंकसूची को फर्जी तथा रिश्वत देकर नियुक्ति पाने के आरोप लगाए थे। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में भी उनकी अंकसूची फर्जी होने का मामला विधानसभा में उठाया था। कांग्रेस विधायक ने पांच अगस्त को विधानसभा का वाकआउट भी किया था। विधानसभा में हुए हंगामे के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने उन्हें पद से हटा दिया हुए जांच के आदेष जारी किए थे। जांच में उनकी मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की अंकसूची सही पाई गई थी। इसके अलावा जांच में कांग्रेस विधायक दल के आरोप गलत पाए गए।




## चाकू का सौदागर पकड़ाया

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध अस्त्र शस्त्र बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पांच चाकू जब्त किए हैं। पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच व पनागर पुलिस की टीम ने बरा के चबूतरे के पास आरोपी रैपुरा निवासी निखिल केवट उर्फ निक्की को घेराबंदी कर दबोचा गया, उसके पास से पांच चाकू बरामद किए गए।



To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

5 निजी स्कूल संचालकों व नोडल अधिकारियों पर मामला दर्ज

# फर्जीवाड़ा : आरटीई में फर्जी प्रवेश दिखाकर 26 लाख का घपला




**जबलपुर।** जबलपुर नगर के 5 निजी स्कूलों के संचालकों और उक्त संस्थाओं के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने आरटीई के तहत बीपीएल और कमजोर वर्ग के छात्रों के फर्जी प्रवेश दर्शाकर की गई फीस की राशि में अनियमितता और धोखाधड़ी के मामलें में अपराध पंजीबद्ध किया है। इस संबंध में ईओडब्ल्यू के डीजीपी उपेंद्र जैन ने बताया कि जबलपुर निवासी विजयकांति पटैल द्वारा ईओडब्ल्यू में की गई शिकायत की जांच में पाया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत निचले वर्ग, बीपीएल के छात्रों को निःशुल्क प्रवेश दिए जाने का प्रावधान हैं। इन प्रवेशों की जांच में पाया गया कि शहर के पांच स्कूलों ने फर्जी प्रवेश दर्शाकर लगभग साढ़े 26 लाख रुपए फीस प्रतिपूर्ति राशि अवैध रुप से हड़प ली। जांच में यह भी पता चला कि, जिला शिक्षा केंद्र के नोडल अधिकारियों ने प्रवेशित छात्रों का वास्तविक सत्यापन नहीं किया और इन स्कूलों के साथ षड़यंत्र कर अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने बताया कि पूरी जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने उपरोक्त आरोप प्रमाणित पाये जाने पर प्राइवेट स्कूलों के मालिक एवं संचालक स्मिता चिल्ड्रन एकेडमी के संचालक मनीष असाटी, आदर्श ज्ञान सागर की संचालक नसरीन बेगम, गुरू पब्लिक स्कूल के संचालक मो. तौसीफ, उस्मानिया मिडिल स्कूल के संचालक मो. शमीम, सेन्ट अब्राहम के शाला संचालक मोहम्मद शफीक तथा जिला शिक्षा केंद्र के तत्कालीन नोडल अधिकारी, श्रीमति चंदा कोष्टा, श्रीमति गुलनिगार खानम, श्रीमति अख्तर बेगम अंसारी, राजेन्द्र बुधेलिया, डी.के.मेहरा एवं अन्य के विरूद्ध धारा 409,420,120बी भा.द.वि. एवं धारा 7(सी.) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 अंतर्गत अपराध क्रमांक /2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडबलू) ने जबलपुर के 6 प्राइवेट स्कूलों के मालिकों, नोडल अधिकारियों के विरूद्ध गरीब एवं कमजोर वर्ग के छात्रों की फीस की राशि 26.50 लाख रूपये की धोखाधडी कर गबन करने पर अपराध पंजीबद्ध किया है. ईओडबलू की कार्रवाई से निजी स्कूल प्रबंधनों में हड़कम्प की स्थिति बनी हुई है। ईओडबलू के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई जबलपुर में शिकायतकर्ता विजयकांति पटेल द्वारा शिकायत की गई कि गरीबी रेखा के नीचे एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिये जाने का प्रावधान किया गया है. प्राइवेट स्कूलों द्वारा एक छात्र को 2 से 3 बार एडमिशन दर्शाकर जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर से इस योजना में शासन से प्रदान की जाने वाली छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का अनियमित भुगतान किया गया।

शिकायत की जांच में यह पाया गया कि जबलपुर जिले में 466 प्राइवेट स्कूलों को गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चों की वर्ष 2011 से 2016 तक अवधि में कुल 3,27,83,521 रूपये की फीस प्रतिपूर्ति राशि भुगतान की गई थी. इनमें से 06 प्राइवेट स्कूलों के द्वारा कुल 628 छात्रों का फर्जी एडमिशन अपने स्कूलों में दर्शाकर 26.50 लाख रूपये की फीस प्रतिपूर्ति राशि अवैध रूप से हड़प ली गई. इन 06 स्कूलों के संचालकों ने शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ षडयंत्र कर वंचित गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों की फीस की राशि का गबन करके शासन को 26.50 लाख रूपये की आर्थिक क्षति कारित की. वर्ष 2011 से वर्ष 2016 में पदस्थ शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों द्वारा इन प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे कमजोर वर्ग के बच्चों के एडमीशनों का वास्तविक सत्यापन नहीं किया और स्कूल संचालकों से षडय़ंत्र पूर्वक सहयोग कर अपने पद का दुरूपयोग किया गया।

### इन स्कूल मालिकों, नोडल अधिकारियों पर एफआईआर

उपरोक्त आरोप प्रमाणित पाये जाने पर प्राइवेट स्कूलों के मालिक एवं संचालक (1) स्मिता चिल्ड्रन एकेडमी के संचालक श्री मनीष असाटी (2) आदर्श ज्ञान सागर की संचालक नसरीन बेगम (3) गुरू पब्लिक स्कूल के संचालक मो. तौसीफ (4) उस्मानिया मिडिल स्कूल के संचालक मो. शमीम (5) सेन्ट अब्राहम के शाला संचालक मोहम्मद शफीक तथा जिला शिक्षा केंद्र के तत्कालीन नोडल अधिकारी (1) श्रीमति चंदा कोष्टा, (2) श्रीमति गुलनिगार खानम, (3) श्रीमति अख्तर बेगम अंसारी, (4) श्री राजेन्द्र बुधेलिया, (5) श्री डी.के.मेहरा एवं अन्य के विरूद्ध धारा 409,420,120बी भा.द.वि. एवं धारा 7(सी.) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 अंतर्गत अपराध क्रमांक /2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




निर्माण तिथि अंकित नहीं पाये जाने पर 14 बैग में रखी 340 किलोग्राम चाय जप्त

# मनोहर चाय आउलेट्स का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने आज शुक्रवार को रामपुर, मेडिकल, चारखम्भा एवं धनवंतरीनगर स्थित मनोहर चाय आउटलेट्स का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन आउटलेट्स में रखे चाय के पैकेट्स में निर्माण तिथि तथा बैच संख्या अंकित नहीं पाई गई। मेडिकल एवं धनवंतरीनगर स्थित मनोहर चाय आउटलेट से चाय के 14 बैग (340 किलोग्राम) जप्त किये गये हैं। जप्त किये गये इन चाय के बैग में लगे लेबल में आवश्यक घोषणाओं का अभाव था। मनोहर चाय आउलेट्स से नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किये गये हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अभिहित अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण माननीय सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## गांजा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, पति-पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और गढ़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा के कारोबार में लिप्त पति-पत्नी समेत तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 किलो 267 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी गढ़ा प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि 16 जनवरी को क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि बड्डा दादा ग्राउंड में दो युवक और एक युवती संदिग्ध हालत में पिट्ठू बैग लेकर खड़े हैं और किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल क्राइम ब्रांच और गढ़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से तीनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान रविकांत जाटव (20 वर्ष) निवासी ग्राम तिगुआ बेहरा, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (वर्तमान पता फकीरचंद का अखाड़ा, सिंधी कैंप, हनुमानताल), सिद्धांत बर्मन (21 वर्ष) निवासी बस्ती नंबर-1, थाना गोहलपुर तथा उसकी पत्नी वंशिका बर्मन (20 वर्ष) निवासी बस्ती नंबर-1, गोहलपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर तीनों के पिट्ठू बैग में अलग-अलग प्लास्टिक की बोरियों में अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। तौल करने पर कुल 14 किलो 267 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जप्त कर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गांजा कहां से लाया गया और किसे सप्लाई किया जाना था, इस संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी रविकांत जाटव पहले भी थाना बरगी क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

एआई जनरेटिड वीडियो वायरल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लिया संज्ञान

# स्टेशन के ट्रैक पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग....!



**जबलपुर।** शहर में इस समय सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने सनसनी मचा दी। सामने आये इस वीडियो में हवाई जहाज जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन पर लैंड करते दिखाया गया। वीडियो में एक युवक बता रहा है कि पायलट को रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। यहां यह वीडियो वायरल होने के बाद जबलपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने संज्ञान लेकर घटना का खंडन करते हुए मामला पुलिस को सौंप दिया है। खमरिया पुलिस ने वीडियो पोस्ट करने वाले युवक की तलाश शुरू कर दी है। यह वीडियो एआई से जनरेट किया जाना बताया जा रहा है।

एआई जनरेटेड वीडियो में जबलपुर रेलवे स्टेशन दिखाया गया है। जहां ट्रैक पर इंजन खड़ा हुआ है और उसके बगल से एक बड़ा हवाई जहाज भी खड़ा है। दोनों में लगभग टक्कर दर्शित हो रही है। वीडियो में एक युवक बता रहा है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन में आज तक कभी ऐसा नहीं देखा गया कि जहाज सीधे पटरियों पर लैंड हुआ होगा। सब लोग हैरान हैं, 14 सेकेंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें युवक बता रहा है कि रेलवे स्टेशन में अदभुत घटना हो गई है। एक यात्री विमान लैंडिंग करते हुए रेलवे ट्रैक पर आकर खड़ा हो गया है। पुलिस मौके पर है और लोगों को दूर रखा जा रहा है। पायलट का कहना था कि तकनीकी खराबी के कारण हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच पाया और रेलवे स्टेशन पर लैंड करना पड़ा।

यहां जबलपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर पांडे ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को मामला सौंप दिया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि लाइक और व्यू पाने के लिए ऐसा कुछ न करें, जो लोगों को परेशानी में डाल दे। उन्होंने कहा कि ऐसे वीडियो न बनाएं और उन्हें इंस्टाग्राम, वेबसाइट या अन्य प्लेटफॉर्म पर न डालें। अशिक्षित लोगों के लिए यह वीडियो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होते हैं।

632 करोड़ 92 लाख मूल राशि जमा, 276 करोड़ सरचार्ज माफ

# समाधान योजना : 11 लाख 88 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

**जबलपुर।** समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक 11 लाख 88 हजार 240 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। अब तक 632 करोड़ 92 लाख रूपये मूल राशि जमा हुई है। साथ ही 276 करोड़ रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि में 31 जनवरी 2026 तक विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 3 लाख 98 हजार 470 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। मूल राशि 122 करोड़ 79 लाख रूपये जमा हुई है तथा 43 करोड़ रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 84 हजार 130 बकायादार उपभोक्ताकओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 403 करोड़ 69 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 215 करोड़ 95 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्रान्तर्गत 4 लाख 5 हजार 640 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। कुल मूल राशि 106 करोड़ 44 लाख रूपये जमा हुई है। साथ ही 16 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।

चाकू, बंदूक के बाद अब डायल 100 वाहन की इंस्टाग्राम पर सेल

# आश्चर्य : प्रतिबंधित पुलिस यार्ड के अंदर कैसे बना वीडियो




**जबलपुर।** चाइना चाकू और बंदूकों की तरह ही अब पुलिस की गाड़ियां भी सोशल मीडिया पर चमक रही हैं। जिस तरह सिस्टम चायना चाकू और बंदूकों की वैधता या बिक्री को रोकने में नाकाम रहा है, उसी तरह अब सरकारी वाहनों की अवैध बिक्री ने लोगों को चौंका दिया है।

जबलपुर में पुलिस विभाग की पुरानी डायल 100 गाड़ियां इंस्टाग्राम पर एक निजी आईडी से बेची जा रही हैं। वायरल वीडियो में कई गाड़ियां लाइन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और खरीदने के लिए मोबाइल नंबर भी दिया गया है। यह खुलासा पुलिस महकमे में हड़कंप का कारण बना।

यह घटना सिस्टम की कमजोरी को उजागर करती है। सवाल यह है कि प्रतिबंधित पुलिस यार्ड के अंदर वीडियो कैसे बनाया गया और सरकारी वाहनों की जानकारी निजी हाथों में कैसे पहुंच गई। अधिकारियों ने साफ किया कि विभाग ने अभी तक कोई आधिकारिक नीलामी शुरू नहीं की है। सोशल मीडिया पर चल रहा यह विज्ञापन पूरी तरह अवैध है।

**साइबर सेल कर रही है जांच**

जबलपुर पुलिस की साइबर सेल सक्रिय हो गई है। इंस्टाग्राम आईडी और वीडियो में दिए मोबाइल नंबर के जरिए आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मामले की सख्त जांच की जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि कहीं विभाग का कोई कर्मचारी इसमें शामिल तो नहीं। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी विज्ञापन के झांसे में न आएं और किसी को भी पैसे न दें। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिल्डरों ने सरकारी जमीन बेच डाली

# शिकंजाः ईओडब्लयू ने दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर।** सगड़ा में अवैध निर्माण और सरकारी भूमि पर कब्जे के आरोप में बालाजी इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म के 7 भागीदारों के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कॉलोनाइजर ने स्वास्तिक कॉलोनी सगड़ा के बीच स्थित नाले और ग्रीन बेल्ट पर गार्डन, पार्क, जिम, स्विमिंग पूल और मकान का अवैध निर्माण किया। इस मामले में लगभग 2.64 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाने का दावा किया गया है।

ईओडब्ल्यू में अहमद वाहिद ने शिकायत दी थी कि बालाजी इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म ने कॉलोनी के बीच बहने वाले शासकीय नाले और ग्रीन बेल्ट पर पार्क, जिम, स्विमिंग पूल जैसी सुविधाओं का निर्माण कर अवैध लाभ कमाया। जांच में पाया गया कि कंपनी ने सगड़ा में कुल 2.985 हेक्टेयर भूमि पर स्वास्तिक विलास नामक आवासीय कॉलोनी का विकास किया।

ईओडब्ल्यू के डीजीपी उपेन्द्र जैन ने बताया कि शिकायत प्रथम दृष्टया यह बात भी सामने आई है कि कॉलोनाइजर ने नगर निगम और टीएनसीपी से जारी अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया। कॉलोनी के बीच सरकारी भूमि और ग्रीन बेल्ट के ऊपर गार्डन, पार्क, रास्ता, जिम और स्विमिंग पूल जैसी संरचनाएं बनाई गईं। कॉलोनी के ब्रोशर में भी इन सुविधाओं को दिखाकर ग्राहकों को लुभाया गया।

### ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी

बालाजी इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म ने कॉलोनी में कुल 210 प्लॉट बेचकर लाभ कमाया। विशेष रूप से नाले और ग्रीन बेल्ट की जमीन पर मकान नंबर जी-06 बनाया और इसे 63 लाख रुपये में बेचा। कब्जा किए गए नाले और ग्रीन बेल्ट का क्षेत्रफल 0.12 हेक्टेयर है, जिसकी वर्तमान कीमत 2.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस तरह राज्य को 2.64 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति हुई।

### जांच में हो सकते हैं चौंकाने वाले खुलासे

ईओडब्ल्यू ने बालाजी इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म के कॉलोनाइजर रजनीत जैन के साथ उनके भागीदार नितिन जैन, अपूर्व सिंघई, पंकज गोयल और भोपाल निवासी श्याम राठौर, श्रद्धा ममतानी, शिल्पा राठौर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 406 (विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 120 बी (साजिश) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी चल रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जीवन के मैच में गुगली की अहमियत, अनुभवों को सीख में बदला और किताब का रूप दिया

# जितना लिखना ज़रूरी है, उससे कहीं अधिक ज़रूरी पढ़ना है : ज्ञानेश साहू

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** बचपन में क्रिकेट खेलते समय फंसे हुए मैच को एक सधी हुई गुगली से सुलझाने की जो तरकीब सीखी, वही आगे चलकर जीवन की जटिलताओं को समझने और उनसे निपटने का सूत्र बन गई। गुगली और अफलातून जैसी चर्चित कृतियों के लेखक ज्ञानेश साहू के लेखन की यात्रा कुछ इसी तरह शुरू होती है। स्टील सिटी भिलाई में जन्मे ज्ञानेश साहू को लेखन का शौक बचपन से ही था। उन्हें यह संस्कार अपने माता–पिता से विरासत में मिला जहाँ उनकी माता तारा साहू कविताएँ लिखती थीं, वहीं पिता दिलीप साहू यात्रा संस्मरणों के माध्यम से अनुभवों को शब्द देते थे। इसी वातावरण का असर था कि ज्ञानेश ने चौथी कक्षा में ही अपना पहला यात्रा संस्मरण लिख दिया।



ज्ञानेश साहू, लेखक

### "Start a Startup from Start"

ज्ञानेश हाल ही में जबलपुर रीड की चौपाल में सहभागिता के लिए पहुँचे थे। शब्दों को किताब का रूप देने के लिए उन्हें वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। इंजीनियरिंग के दौरान उन्होंने एक स्टार्टअप शुरू किया, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिली। निराश होने के बजाय उन्होंने अपने अनुभवों को सीख में बदला और उन्हें किताब का रूप दिया—"**Start a Startup from Start**", जो उनकी पहली अंग्रेज़ी पुस्तक थी। इसके बाद ज्ञानेश ने हिंदी लेखन की ओर रुख किया, क्योंकि वे अपने बचपन, यादों और अपने पहले प्यार—क्रिकेट—को उसी संवेदना के साथ लिखना चाहते थे, जैसा उन्होंने उसे जिया था। पेशे से वे एक मल्टीनेशनल कंपनी में बिज़नेस एनालिस्ट हैं। उन्होंने पुणे स्थित नेशनल इंश्योरेंस अकैडमी से एमबीए किया है, जबकि प्रारंभिक शिक्षा भिलाई में ही हुई।




### "गुगली"

उनकी पहली हिंदी किताब "गुगली" में न केवल पहले टी-20 वर्ल्ड कप की यादें जीवंत होती हैं, बल्कि यह संदेश भी मिलता है कि अगर दोस्ती मजबूत हो, तो जीवन की किसी भी गुगली का सामना किया जा सकता है। यह पुस्तक राजपाल पब्लिकेशन से प्रकाशित हुई—वही प्रकाशन समूह जिसने हरिवंश राय बच्चन और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान लेखकों की कृतियाँ प्रकाशित की हैं। क्रिकेट, दोस्ती और प्रेम को एक सूत्र में पिरोने के कारण गुगली युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय हुई।




### "अफलातून"

इसके बाद ज्ञानेश का उपन्यास "अफलातून" आया, जो अपनी संरचना के कारण विशिष्ट है। यह सरित-सागर विधा में लिखा गया उपन्यास है, जहाँ प्रत्येक कहानी अपने आप में पूर्ण है, लेकिन सभी कहानियाँ मिलकर एक व्यापक कथानक रचती हैं। उपन्यास का नायक अनुराग जीवन के विभिन्न पड़ावों पर अलग-अलग स्त्रियों से मिलता है, जो उसे कभी सिखाती हैं, कभी सबक देती हैं। यही रोचकता अफलातून को जागरण बेस्टसेलर सूची तक ले गई।




### फिल्म परियोजना के लिए लेखन कर रहे

ज्ञानेश ने ऑडियो प्लेटफॉर्म्स के लिए भी लेखन किया है, जहाँ उन्होंने फिक्शन के साथ-साथ आध्यात्म और फाइनेंस से जुड़े शो भी तैयार किए। वर्तमान में वे एक फिल्म परियोजना के लिए लेखन कर रहे हैं। ज्ञानेश साहू के लिए लेखन केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और मनुष्यों को समझने का माध्यम है। वे मानते हैं कि जितना लिखना ज़रूरी है, उससे कहीं अधिक ज़रूरी पढ़ना है। यही कारण है कि वे निरंतर अध्ययनरत रहते हैं। उनके प्रिय लेखकों में सत्यजित राय, मनोहर श्याम जोशी, निर्मल वर्मा और रस्किन बॉन्ड शामिल हैं।

# गौर नदी के कायाकल्प की तैयारी, ऐतिहासिक घाटों का होगा जीर्णोद्धार और नया चेक डेम बनेगा



**जबलपुर**। नगर निगम और स्थानीय प्रशासन ने संस्कारधानी की गौर नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गौर नदी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।निरीक्षण में गौरईया घाट की ऐतिहासिक महत्ता पर चर्चा हुई, जहां तीन युगों के पुल मौजूद हैं—गोंडवाना काल का प्राचीन पुल, ब्रिटिश काल का पुल और आधुनिक काल का 1980 के दशक में निर्मित पुल। अधिकारियों ने नदी में जल संरक्षण के उद्देश्य से एक नया चेक डेम बनाने की योजना बनाई है, जिससे जल स्तर बढ़ेगा और गर्मी में जल संकट से राहत मिलेगी।महापौर ने स्थानीय ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नदी की सफाई, घाटों का सौंदर्यीकरण और वृक्षारोपण सहित व्यापक कायाकल्प कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र को पर्यटन और पर्यावरण के अनुकूल विकसित किया जा सके। विधायक अशोक रोहाणी ने गौर नदी संरक्षण को केंट विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में प्राथमिकता देने की बात कही।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाईः चण्डाल भाटा में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, 1 लाख रूपये का जुर्माना

**जबलपुर**। शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर नियंत्रण के लिए नगर निगम ने चण्डाल भाटा में मऊरानीपुर स्थित एक लॉजिस्टिक कंपनी के गोदाम पर छापा मारा।



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने भारी मात्रा में अवैध पॉलीथिन जब्त कर संचालक पर 1 लाख रूपये का जुर्माना लगाया। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक और पॉलीथिन का भंडारण या विक्रय पूरी तरह वर्जित है। निगमायुक्त के अनुसार, आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण और दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेंगी ताकि पर्यावरण संरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके। कार्रवाई में उपायुक्त संभव अयाची, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आर.के. जैन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव नरहरि ने अधिकारियों को चेतावनी भी दी

# 280 एजेंसियां ब्लैकलिस्ट करने के बाद फिर एक्शन, जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 16 इंजीनियरों को दिया जाएगा शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज जबलपुर

जल जीवन मिशन में घोटालों की परतें लगातार खुलती जा रही हैं। मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में दो माह पहले 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने और 141 सब इंजीनियरों व एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को नोटिस थमाने के बाद एक बार फिर 3 अधीक्षण यंत्रियों एवं 13 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख सचिव पीएचई विभाग ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कार्यों की प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी नरहरि ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। नरहरि ने कार्यों में शिथिलता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति सख्ती का फैसला किया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग मीटिंग में उन्होंने 3 अधीक्षण यंत्रियों एवं 13 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि मिशन के कामों की धीमी प्रगति के लिए संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री स्तर तक के अधिकारी से जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही योजनाओं की अपडेट स्थिति की जानकारी ली।



**30 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई**

### नल कनेक्शन देने में भी सामने आई लापरवाही

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की गई। प्रगति रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि कई जिलों में घरों तक नल कनेक्शन प्रदान किए जाने की गति तय लक्ष्यों और तय समय-सीमा के अनुरूप नहीं है, जिससे मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है। प्रमुख सचिव ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे कार्यों को निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पूरा करें।



## चाइनीज मांझे से घायल हुआ सारस पक्षी

**मझौली**। चाइनीज मांझा (पेटेड स्टॉक) की चपेट में आने से एक सारस पक्षी घायल हो गया। इरफान मोहम्मद ने बताया कि उनके घर के पास खेत में एक सारस पक्षी घायल अवस्था में पड़ा था, जो उड़ने में असमर्थ था। इसकी सूचना इमरान मोहम्मद एवं मुंडा भाई जान द्वारा वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग के अमले द्वारा घायल सारस पक्षी को पशु चिकित्सा केंद्र मझौली लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कर पट्टी की गई। चिकित्सकों ने बताया कि पक्षी के पंखों पर चाइनीज मांझे से कटने के निशान पाए गए हैं। उपचार उपरांत सारस पक्षी को वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में लेकर वन चौकी मझौली लाया गया।

# पीने के पानी के लिए कैबिनेट बैठक में जबलपुर का उल्लेख तक नहीं

जबलपुर।

भोपाल में 13 जनवरी को आयोजित कैबिनेट बैठक में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जबलपुर का उल्लेख तक नहीं किया गया है, जबकि उज्जैन के लिए अतिरिक्त 1133 करोड़ मंजूर कर वहां की व्यवस्था युद्ध स्तर पर कार्य कर ठीक करने के आदेश जारी किए गए हैं। डॉ. पीजी नाजपांडे ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि 14 जनवरी को हाईकोर्ट में प्रस्तुत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ है कि जबलपुर शहर के नाले-नालियों का पानी 'अत्यंत दूषित' है। जबलपुर में पीने के पानी सप्लाई की 80 प्रतिशत पाइप लाइनें ऐसे नाली-नालों से गुजरती हैं। डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की उम्र औसतन 20 वर्ष होती है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से यह पाइप लाइनें बदली नहीं गई हैं।

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट चिंताजनक**

अमृत जल प्रदाय योजना 2.0 में 476.22 कि.मी. जल वितरण पाइप लाइन बिछाने को तय किया गया, लेकिन राइजिंग पाइप लाइन बिछाने को प्राथमिकता दी गई है। बीते 10 साल में करीब 150 करोड़ का खर्च पाइप लाइन विस्तारीकरण पर किया गया, लेकिन नाली-नालों से गुजरती पाइप लाइनें न तो हटाई गईं न ही बदली गईं। स्पष्ट है कि जबलपुर में पीने के पानी की व्यवस्था एक गंभीर समस्या है।

### राज्य सरकार, महापौर को भेजा पत्र

जन संगठन की ओर से 16 जनवरी को जबलपुर के पीने के पानी की व्यवस्था के संबंध में महापौर तथा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र भेजा गया। बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, सुभाष चन्द्रा, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, गीता पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।




## नर्मदा को संरक्षित करने जनसंपर्क अभियान चौथे दिन भी जारी रहा

जबलपुर। परमाणु परियोजना से नर्मदा को संरक्षित करने मंडला के आदिवासी महिला- पुरुषों ने 16 जनवरी को अवधपुरी, नर्मदा नगर, पोलीपाथर में जनसंपर्क अभियान चौथे दिन जारी रखा। उन्होंने पर्चे बांटे और स्थानीय निवासियों से संवाद किया। इसके बाद लाल कुआं के पास नुक्कड़ सभा करके अपनी बात रखी। जबलपुर में इस अभियान को सक्रिय सहयोग करने वाले विवेक अवस्थी और उनकी टीम जनसंपर्क अभियान में नर्मदा मैया का जयकारा लगाते रहे।राजेश सोनकर पूर्व पार्षद ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम आपके साथ हैं। चुटका जैसी घातक परियोजना का विरोध जबलपुर के सभी नागरिकों को करना चाहिए। आज सौर ऊर्जा से पर्याप्त और सस्ती बिजली का विकल्प उपलब्ध है, तो इस घातक परियोजना की आवश्यकता नहीं है। ज्ञात हो कि जिस समय चुटका विद्युत परियोजना को योजना आयोग से मंजूरी मिली थी तब सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करना महंगा होता था, आज स्थिति बदल गई है। रीवा में 750 मेगावाट का सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है और प्रदेश में सौर ऊर्जा की 5 हजार मेगावाट की छह परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। प्रमोद पटेल ब्लाक अध्यक्ष, शिव कुमार चौबे, सुबोध रिछारिया, कमलेश यादव, देवेंद्र झारिया, बबलू झारिया, सरमन रजक, कमला पटेल ने भी इस अभियान का समर्थन किया। 17 जनवरी को भी अभियान का जनसंपर्क जारी रहेगा।

# 26वीं रॉयन मिनीथॉन में 61 स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**जबलपुर**। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायन इंटरनेशनल स्कूल, शांति नगर के तत्वावधान में 26वीं रायन मिनीथॉन का आयोजन सदर स्थित शिवाजी ग्राउंड में किया गया। इस मिनीथॉन में सेंट जेविएर्स स्कूल शांति नगर, गुप्तेश्वर एवं रायन इंटरनेशनल स्कूल शांति नगर सहित शहर की लगभग 61 शालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 एवं अंडर-18 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्गों में दौड़ आयोजित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेशनल हॉकी खिलाड़ी एवं अंपायर सैयद अशरफ, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी संतोष राजक, खेल अधिकारी दीपेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा सहित अनेक खेल जगत व सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय हाई स्कूल रामपुर, द्वितीय स्थान सेंट जेविएर्स हाई स्कूल शांति नगर एवं तृतीय स्थान एपीन हाई स्कूल सदर, जबलपुर ने प्राप्त किया। मिनीथॉन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल-कूद के प्रति जागरूकता, स्फूर्ति एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। संपूर्ण कार्यक्रम शाला चेयरमैन डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेस पिंटो के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## कांग्रेसियों ने राज्यसभा सांसद तन्खा का किया भव्य स्वागत

**बरेला**। समाज की सेवा में समर्पित राज्यसभा सांसद श्री विवेककृष्ण तन्खा का शॉल श्रीफल देकर पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। गरीब दिव्यांग की बात सुनी। किसानों की समस्या, अस्पताल की समस्या से अवगत कराया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी, अरविन्द तिवारी, राजू पाठक, योगेश पटेल, जहीर अहमद, मुन्ना झारिया, कपिल पटेल, अखिलेश नवेरिया , बब्बू यादव, मुकेश सोनी, दुर्गेश पटेल,शेख सलीम, नीलेश बरकडे ,पंचम यादव, दिनेश सोनी, दीपक विश्वकर्मा,अनुराग पटेल, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रहलाद झारिया, माधव शर्मा,तोले भाईजान, पंजी जैन, मिथलेश पाठक,बंटू,सत्तू बर्मन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएमश्री सालीवाडा में आयोजित किया गया जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का द्वितीय चरण




बरेला।

जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा द्वितीय चरण वर्ष 2025 -26 दिनांक 16/01/26 को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर विकासखंड जबलपुर ग्रामीण में शासन के निर्देशानुसार कक्षा 2 से 3 हिंदी,अंग्रेजी, गणित, और कक्षा 6 से 8 हिंदी,अंग्रेजी, संस्कृत,तीन चरणों में परीक्षा संपन्न कराई गई । दिनांक 17/01/2026 को कक्षा 4 से 5 हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण, चार चरणों में और कक्षा 6 से 8 विज्ञान,गणित सामाजिक विज्ञान, तीन चरणों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी । जन शिक्षा केंद्र प्रभारी आभा वानखेडे द्वारा सभी बच्चों को शासन से प्राप्त प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिये गए । इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अंजना सराफ, सहायक परीक्षा प्रभारी मीरा पांडे,पीएम श्री प्रभारी ध्रुव कुमार गोल्हानी संगीता तिवारी बीएसी विनोद विश्वकर्मा, मधु शर्मा, परीक्षा व्यवस्था हेतु राम प्रसाद मिश्रा, राजेश कुमार पटेल, जयप्रकाश धुर्वे, छवि पगारे, नमिता खम्हरिपा, संतोष बालवंशी, रामेश्वर नेवारे, उमाशंकर प्रजापति और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे ।




**श्रीमती मल्लिका बैनर्जी-** आलोक नगर अधारताल निवासी श्री रजत बैनर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती मल्लिका बैनर्जी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप झारिया-** रानीपुर माली मोहल्ला निवासी श्री गोरे लाल झारिया के पुत्र श्री प्रदीप झारिया (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चमन कुमार कुरील-** गली नं. 11 सदर निवासी श्री चमन कुमार कुरील (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. चाहत कुशवाहा-** त्रिमूर्ति नगर लाला चौक के पास निवासी श्री राजेश कुशवाहा की पुत्री कु. चाहत कुशवाहा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता रंगारी-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री अम्बादास रंगारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता रंगारी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती लता कोरी- तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री पन्ना लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लता कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वंदना सोनी-** दीक्षितपुरा छोटी देवन के पास निवासी श्री विपिन सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना सोनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा बेरी-** पचपेढ़ी रोड निवासी श्री सत्यापाल बेरी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा बेरी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशोरी लाल-** ग्वारीघाट वार्ड निवासी श्री किशोरी लाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदिरा बाई पंजवानी-** सिंधी सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री हरीराम पंजवानी की धर्मपत्नी श्रीमती इंदिरा बाई पंजवानी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई नामदेव-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री भगवान दास नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई नामदेव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जबर सिंह-** गौरीघाट मुक्तिधाम परिसर निवासी श्री जबर सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गुड्डू लाल दुबे-** मिलौनीगंज निवासी श्री गुड्डू लाल दुबे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100




## विष्णु वाराह कप लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब नरसिंहपुर ने जीता

**मझौली**। नगर परिषद मझौली में आयोजित श्री विष्णु वाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मझौली एवं नरसिंहपुर टीम के बीच खेला गया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए नरसिंहपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 145 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मझौली की टीम 63 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार नरसिंहपुर की टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।मैच उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह में पाटन विधायक अजय विश्नोई, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सरस्वती घाट की धर्मशाला पर असामाजिक तत्वों का कब्जा, परिक्रमा वासी परेशान

**भेड़ाघाट**। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट के सरस्वती घाट पर नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए नगर परिषद द्वारा निर्मित धर्मशाला पर असामाजिक तत्वों के कब्जे का आरोप लगा है। बताया गया है कि धर्मशाला में अधिकांश समय ताला लगा रहता है, जिससे कड़ाके की ठंड में परिक्रमा वासियों को रुकने के लिए आश्रय नहीं मिल पा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विद्यासागर दुबे ने आरोप लगाया कि नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते धर्मशाला की उचित देखरेख नहीं हो रही है तथा चाबी असामाजिक व्यक्तियों के पास होने से उन्होंने वहां कब्जा जमा लिया है। इससे श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा वासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सरस्वती घाट स्थित धर्मशाला को शीघ्र परिक्रमा वासियों के लिए खोला जाए तथा नगर परिषद की जिम्मेदारी तय कर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।



## खबर संक्षेप



### रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** रुपये में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 50 पैसे टूटकर 90.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकसी से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर वैश्विक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती ने विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी को तेज कर दिया जबकि घरेलू निवेशकों ने निचले मूल्य पर शेयरों की खरीद की।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि नौ जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.124 अरब डॉलर घटकर 550.866 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं।

### एलटीआई माइंडट्री को सीबीडीटी से मिला ठेका



**नई दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी परामर्श एवं डिजिटल समाधान कंपनी एलटीआई माइंडट्री को भारत के राष्ट्रीय कर विश्लेषण मंच के आधुनिकीकरण के वास्ते एआई-आधारित कार्यक्रम बनाने के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से 3,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह ठेका सात वर्ष की अवधि में पूरा किया जाएगा। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा, '' एलटीआई माइंडट्री को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से इनसाइट 2.0 परियोजना का ठेका मिला है जिसके तहत भारत के राष्ट्रीय कर विश्लेषण मंच के आधुनिकीकरण के लिए एक एआई-संचालित कार्यक्रम विकसित किया जाएगा।

### फेडरल बैंक के लाभ में नौ फीसदी का इजाफा



**मुंबई।** फेडरल बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 1,041 करोड़ रुपये रहा। केरल स्थित निजी क्षेत्र के इस बैंक का 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 955 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शुक्रवार को बयान में कहा कि शुद्ध ब्याज आय नौ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,653 करोड़ रुपये हो गई।

### विप्रो का लाभ 7 फीसदी घटकर 3,119 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी विप्रो का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत घटकर 3,119 करोड़ रुपये रहा। यह गिरावट नई श्रम संहिता के लागू होने के कारण 302.8 करोड़ रुपये के एकमुश्त अस्थायी प्रावधान के कारण आई है। बेंगलुरु स्थित कंपनी का 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 3,353.8 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में विप्रो की परिचालन आय 5.5 प्रतिशत बढ़कर 23,555.8 करोड़ रुपये हो गई।

# साल 2050 तक सोना हो सकता है 40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम, पहुंच से हो रहा दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे यह धीरे-धीरे आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे शहरों में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,43,760 रुपए है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 1,31,790 रुपए के करीब चल रहा है। महंगाई जैसे-जैसे बढ़ रही है पैसे की वैल्यू भी कम होती जा रही है। अक्सर हम-आप यह कैलकुलेट कर रहे होते हैं कि 1 करोड़ रुपए की वैल्यू अगले दस या बीस सालों में कितनी रह जाएगी। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 2050 तक सोने की कीमत कितनी रह जाएगी?

## शादी-ब्याह में गोल्ड खरीदी के लिए 1 करोड़ रुपए भी पड़ जाएगे कम

### सोने से मिल रहा दमदार रिटर्न

बीते कुछ सालों में सोने की कीमतों में गजब का उछाल आया है। इससे इसके निवेशकों की संपत्ति भी कई गुना बढ़ी है। साल 2000 में 24-कैरेट सोने की कीमत सिर्फ 4,400 रुपए प्रति 10 ग्राम और 2020 में 10 ग्राम के 24 कैरेट सोने की कीमत 50,000 रुपए थी। वहीं, आज यह 1,40,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार चला गया है। यानी कि महज छह सालों में सोने की कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ गई हैं। बीते 30 साल के आंकड़े भी यही बताते हैं कि भारत में सोने की कीमत सालाना औसतन 10.83 प्रतिशत कंपाउंड वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) रही हैं।



### रुपए के अवमूल्यन से बढ़ी कीमतें

रुपए का अवमूल्यन और महंगाई इसकी खास वजहें हैं। वैश्विक तनाव और अनिश्चितताओं और केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी से सेफ हेवन के रूप में सोने की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऐसे में इसकी कीमत भी अमेरिकी डॉलर में 5-7 प्रतिशत तक बढ़ी है। सोने पर दमदार रिटर्न को देखते हुए भी निवेशक इस ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### 2050 तक कितनी हो जाएगी कीमत?

सोना चूंकि अब 1.40 लाख के ऊपर है, तो अब यह 14.6 प्रतिशत सीएजीआर ग्रोथ रेट को दिखाता है। अगर अगले 25 सालों तक सोने की कीमतें इसी दर (14.6 प्रतिशत सीएजीआर) से बढ़ती रहीं, तो 2050 में 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 40 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। इसका मतलब है कि उस समय 1 करोड़ रुपए में सिर्फ 25 ग्राम सोना ही खरीदा जा सकेगा।

### कीमतों में वृद्धि के लिए कई कारक जिम्मेदार

हालांकि, ये कैलकुलेशन सिर्फ एक अनुमान है। सोने की कीमतें कई घरेलू और ग्लोबल फैक्टर्स पर निर्भर करती हैं, जैसे कि ब्याज दरें, डॉलर की स्थिति, सेंट्रल बैंक की नीतियां और ग्लोबल इकॉनमी। हालांकि, अनुमान के आधार पर देखे तो 2050 में सोने की कीमत 40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से ज्यादा या कम हो सकती है।

## पीएम 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की 10वीं वर्षगांठ पर बोले

# अब वैश्विक नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करें भारतीय स्टार्टअप : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय स्टार्टअप से विनिर्माण, गहन प्रौद्योगिकी और वैश्विक नेतृत्व पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' का अगला दशक भारत को नवाचार के वैश्विक अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करने वाला होना चाहिए।

**आज देश में स्टार्टअप की संख्या 2 लाख से अधिक हो चुकी**

प्रधानमंत्री मोदी ने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की 10वीं वर्षगांठ पर 'भारत मंडपम' में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप भारत के आर्थिक और प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को एक "क्रांति" करार देते हुए कहा कि 2014 में जहां देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, वहीं आज यह संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है।

## अगला दशक भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने का होगा

### जोखिम लेने की प्रवृति अब मुख्यधारा में आई

प्रधानमंत्री ने कहा कि जोखिम लेने की प्रवृति को पहले हतोत्साहित किया जाता था लेकिन अब वह मुख्यधारा में आ गई है और स्टार्टअप रोजगार सृजन, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों एवं उद्यमियों से कहा, सरकार आपके हर प्रयास में आपके साथ है। मुझे आपकी क्षमता पर पूरा भरोसा है।



### डिजिटल व सेवा क्षेत्र में अच्छा काम हुआ

इसी तरह सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, /"बीते दशक में डिजिटल और सेवा क्षेत्र के स्टार्टअप में अच्छा काम हुआ है, लेकिन अब समय है कि स्टार्टअप विनिर्माण पर अधिक ध्यान दें और विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले नए उत्पाद बनाएं।/"

### ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी स्टार्टअप खोल रहे

पीएम ने कहा कि मझोले और छोटे शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, जो देश में उद्यमिता के विस्तार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता-प्राप्त स्टार्टअप में महिला निदेशक या भागीदार हैं। इसके अलावा महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप को मिलने वाले वित्तपोषण के मामले में भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा परिवेश बन चुका है।

### स्टार्टअप मिशन की शुरूआत 16 जनवरी 2016 से हुई

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों ने भारत की उद्यमशील क्षमताओं को साबित किया है और अब लक्ष्य यह होना चाहिए कि अगले दशक में भारत नए स्टार्टअप रुझानों और प्रौद्योगिकियों में विश्व का नेतृत्व करे। 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को हुई थी। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और रोजगार देने वालों की नई पीढ़ी तैयार करना है।

### भारत एआई क्रांति में आगे रहेगा

कृत्रिम मेधा (एआई) पर सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश एआई क्रांति में आगे रहेगा, उसे उतना ही अधिक लाभ मिलेगा।

# बीएसएनएल ने वायासैट से मिलाया हाथ

## भारतीय नौसेना के उपग्रह संचार उन्नयन कार्यक्रम में करेगा सहयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारतीय नौसेना के उपग्रह संचार उन्नयन कार्यक्रम के अगले चरण को शुरू करने के लिए उपग्रह कंपनी वायासैट के साथ सहयोग किया है। यह कार्यक्रम इस महीने के अंत में शुरू होगा।

बीएसएनएल और भारतीय रक्षा बलों के बीच हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत, भारतीय नौसैनिक मंचों के लिए उन्नत, मजबूत और सुरक्षित संपर्क प्रदान करने के लिए वायासैट की उच्च-आवृत्ति श्रेणी वाली केए-बैंड उपग्रह प्रणालियों का उपयोग इसकी मौजूदा निम्न-आवृत्ति श्रेणी वाले एल-बैंड अवसंरचना के साथ किया जाएगा। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट रवि ने कहा, ''



बीएसएनएल को वायासैट के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से उन्नत संपर्क समाधान प्रदान करके भारतीय नौसेना के उपग्रह संचार आधुनिकीकरण में सहयोग करने पर गर्व है। यह कदम भारत की रणनीतिक संचार आवश्यकताओं को मजबूत एवं सुरक्षित बुनियादी ढांचे के साथ पूरा करने के लिए बीएसएनएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।''

वायसैट की विभिन्न सरकारी संगठनों के लिए काम करने वाली इकाई की टीम, कंपनी के संचार सेवा खंड के तहत इस कार्यक्रम में सहयोग करेगी।

### उपकरण भारत पहुंच चुके

वायसैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा ने कहा, '' उपकरण भारत पहुंच चुके हैं और उसे लगाने का काम इस महीने शुरू होने वाला है। भारतीय नौसेना की उपग्रह संचार क्षमताओं के आधुनिकीकरण में सहयोग करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह उपलब्धि बीएसएनएन और भारतीय रक्षा बलों के साथ हमारे निरंतर सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

# रिलायंस का लाभ मामूली बढ़कर हुआ 18,645 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विभिन्न कारोबार से जुड़ा रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खुदरा कारोबार में कमजोर रुख ने अन्य क्षेत्रों में हुए लाभ को बेअसर कर दिया।

कंपनी के अनुसार, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के कारण

## खुदरा कारोबार में कमजोर रुख रहा




खुदरा कारोबार में धीमी वृद्धि देखने को मिली। हालांकि इसके ऊर्जा और डिजिटल इकाइयों का प्रदर्शन अच्छा रहा।

मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में इसका शुद्ध लाभ 18,645 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक वर्ष पहले यह 18,540 करोड़ रुपये था।

### कंपनी का राजस्व परिचालन बढ़ा

परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में बढ़कर 2.69 लाख करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2.43 लाख करोड़ रुपये था।

# मारुति ने 'विक्टोरिस' मॉडल का निर्यात किया शुरू

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी मिड-साइज एसयूवी 'विक्टोरिस' को विदेशी बाजारों के लिए निर्यात करना शुरू कर दिया है।कंपनी ने एक बयान में कहा कि मुंद्रा और पिपावाव बंदरगाहों से इस मॉडल की 450 से अधिक इकाइयां वैश्विक बाजारों के लिए रवाना की गई हैं। इस एसयूवी को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 'एक्रॉस' नाम से बेचा जाएगा। इस वाहन को करीब 100 देशों और क्षेत्रों में बेचे जाने की उम्मीद है, जिनमें लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और अफ्रीका शामिल हैं।

कंपनी ने 'विक्टोरिस' मॉडल को घरेलू बाजार में पिछले साल सितंबर में पेश किया था। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कंपनी की निर्यात यात्रा 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की दृष्टि से प्रेरित है।

# गेल ने की मुंबई-नागपुर गैस पाइपलाइन परियोजना पूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस परिवहन एवं विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने मुंबई–नागपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एमएनपीएल) परियोजना को पूरा कर लिया है। करीब 694 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन मुख्यतः महाराष्ट्र की समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे के किनारे तीन मीटर चौड़ी पट्टी में बिछाई गई है। यह परियोजना 'प्रधानमंत्री गति शक्ति' ढांचे के तहत देश में पहली बार किसी उच्च क्षमता वाली गैस पाइपलाइन को घने परिवहन कॉरिडोर के साथ एकीकृत करने का प्रमुख उदाहरण मानी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि, इस पाइपलाइन का करीब 675 किलोमीटर लंबा यानी लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे के किनारे तीन मीटर चौड़ी पट्टी में बिछाया गया है, जबकि सामान्यतः ऐसी पाइपलाइनों के लिए 20–30 मीटर क्षेत्र की जरूरत होती है।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
Office of The Chief Engineer (T&C) Block No. 4, Shakti Bhawan Rampur, Jabalpur M.P.-482008 Phone : 0761–2702210, 2702203, 2702202, E-mail : ce.tnc@mptransco.nic.in

**TENDER NOTICE**

Following Tender is invited under T&C wing of MPPTCL-

| Tender Specification No. | Name of work | EMD (In ₹) | Tender Cost i/c GST | Due Date of Opening of Tender Online |
|---|---|---|---|---|
| TS-01/2026 | Appointment of Service Provider to implement ISMS (ISO 27001:2022) at Transco SCADA Jabalpur & Indore and also provide certification along with two years Surveillance audit & Internal Audit. | 21,500/- | ₹1,180/- | 18.02.2026 |

For further detail & downloading of tender document, please visit our website www.mptransco.in.
M.P. Madhyam/124028/2026 //SAVE ELECTRICITY// CHIEF ENGINEER (T&C)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख मे) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO NO 768 DATE -16/01/2026<br>TENDER NO. 2026_UAD_476373_1 | संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में करियापाथर शमशान घाट काली मंदिर के सामने प्रवेश द्वार का जीर्णोद्वार कार्य। | 02 माह<br>2.65/- | 2000/-<br>2,654/- | 02/02/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**रेल मार्गों पर विश्वसनीयता में सुधार हेतु ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्र.:** ST-MSDAC-MainL-RustyR26R4 दिनांक: 07.01.2026
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में जलभराव वाली मुख्य लाइन DC ट्रैक सर्किट के समानांतर MSDAC बिछा कर और जंग लगे रेल मार्गों पर विश्वसनीयता में सुधार।
**निविदा मूल्य:** ₹ 11,55,63,226/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 7,27,800/-,
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **02.02.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता,
MS/61-270 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**SBI**
Phone No 9407749611, email-sbi.62622@sbi.co.in
भारतीय स्टेट बैंक
ए. एम. सी. सी. (62622), शहडोल, मध्यप्रदेश
State Bank of India
AMCC(62622), Shahdol, Madhyapradesh

पत्र सं. ए. एम. सी. सी./2025-26/11 दिनांक-16/01/2026

शाखा का नाम - भारतीय स्टेट बैंक, एम आर डिंडोरी, जिला- डिंडोरी, मध्यप्रदेश शाखा कूट क्रमांक- 30452
ऋणी का नाम- श्री प्रशांत गुप्ता पिता श्री अनिल गुप्ता
जमानतदार का नाम /- श्रीमति संगीता बाई पति श्री अनिल गुप्ता
संपत्ति मालिक श्रीमति संगीता बाई पति श्री अनिल गुप्ता
संपत्ति का विवरण खसरा संख्या 1669/4/1, एरिया 4350 वर्ग फीट
गाँव- करंजीया पोस्ट करंजीया, तहसील- डिंडोरी
जिला - डिंडोरी, मध्यप्रदेश
चौहदी- उत्तर- दरबारी का दुकान दक्षिण सीता देवी का दुकान, पूरब-खन्नाद रोड, पश्चिम शिवप्रसाद की जमीन
माँग पत्र (डिमांड नोटिस) दिनांक 07/10/2025, - सांकेतिक कब्जा दिनांक - 12/01/2026
राशि रुपया 41,41,682.86 + ब्याज + अन्य खर्चे (रुपया एकतलिश लाख एकतलिश हजार छः सौ बयासी एवं छ्यासी पैसा मात्र + ब्याज + अन्य खर्चे )
मुख्य प्रबन्धक, ए. एम. सी.सी. शहडोल

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन अपर सचिव**
**मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला - जबलपुर**
**धारा - 11 (1) की प्रारंभिक अधिसूचना**

कमांक 193 /भू-अर्जन /प्र.क. 005 / अ-82/2025-26 जबलपुर, दिनांक 30/12/2025

प्र.क..005/अ 82/2025-26 चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे सलंग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि को अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा ( 11 ) की उपधारा (1) के उपबंधो के द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त संबधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा (12) द्वारा दी गई शक्तियो का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा (6) के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रमांक 1 जबलपुर द्वारा जबलपुर (डुमना) ऐयरपोर्ट से जबलपुर रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 13.126 कि.मी. निर्माण हेतु भू-अर्जन हेतु ग्राम उमरिया तहसील रांझी जिला जबलपुर के अंतर्गत की निजी भूमि का अधिग्रहण बावत जहाँ तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होगे। अत: अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

**अनुसूची**

| भूमि का वर्णन | | | क्षेत्रफल अर्जित रकबा (हेक्ट. में) | | धारा 11 (1) के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम का नाम | खसरा न. | रकवा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| जबलपुर | रांझी | उमरिया (प.ह.न. 10) | 102/2,<br>103<br>109/1<br>114/1/1/1<br>114/1/1/2<br>114/1/2<br>114/2<br>114/3<br>115<br>135 | 0.0300,<br>0.0400,<br>0.0700,<br>0.0066,<br>0.0045,<br>0.0065,<br>0.0162,<br>0.0160,<br>0.2470,<br>0.1400, | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्रमांक 1 जबलपुर | जबलपुर (डुमना) ऐयरपोर्ट से जबलपुर रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 13.126 कि.मी. निर्माण हेतु |
| | | | कुल रकबा | 0.5768 | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति प्रकाशन की जानकारी वेबसाइट www.jabalpur.nic.in एंव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेवसाइट www.revenue.mp.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) अनुविभागीय एवं भू-अर्जन अधिकारी, रांझी के कार्यालय में एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रमांक 1 जबलपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है।
3. अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात कय/ विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।
4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15(1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किये जा सकेंगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(श्री राघवेन्द्र सिंह )
कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
G-24364/25

## दुनिया की शीर्ष कंपनियों को लीड कर रहे भारत के युवा: सीईओ इंडिया एआई सिंह

# मध्यप्रदेश में तैयार की जाएगी 30 एआई डेटा लैब्स, युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के ताज लेक फ्रंट में आयोजित 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह ने कहा कि हमारे देश के युवा, दुनिया की शीर्ष कंपनियों को लीड करते हैं।

■ राज्य सरकार के साथ मिलकर होगा एआई की संभावनाओं पर काम

देश में एआई के क्रियान्वयन में भारत अभी तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार ने एआई डेटा सेट्स तैयार किए हैं। अनुवाद के लिए पोर्टल 'भाषिणी' विकसित किया गया है। हम चैट जीपीटी के जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म विकसित कर रहे हैं, जिसे नेशनल एआई समिट से पहले फरवरी में लॉन्च किया जाएगा। स्किल्ड यूथ तैयार करने के लिए एआई से संबंधित रिसर्च फैलोशिप शुरू की गई है। देश में एआई डेटा लैब्स बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में इस प्रकार के 30 एआई डेटा लैब्स तैयार किए जाने हैं। यहां से लाखों युवाओं के डेटा एनालिस्ट के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने 58 सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने का निर्णय लिया है, जो इन्क्यूबेशन सेंटर की तरह कार्य करेंगे। उज्जैन के सिंहस्थ कुंभ में स्किल के हिसाब से एआई मॉडल डिप्लॉयमेंट की अपार संभावनाएं हैं।



कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च की।

### प्रदेश सरकार ने बनाया स्पष्ट और दीर्घकालिक एआई रोडमैप

*अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक स्पष्ट और दीर्घकालिक एआई रोडमैप तैयार किया है। एआई के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य 4 प्रमुख सक्षम स्तंभों अवसंरचना, डेटा, प्रतिभा और रणनीति को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि अवसंरचना के अंतर्गत सक्षम कंप्यूटर संसाधनों, सुरक्षित व स्केलेबल डिजिटल प्लेटफॉर्म और साझा राज्य-स्तरीय एआई इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है, जिससे सरकार के साथ स्टार्ट-अप, उद्योग और एमएसएमई भी इसका लाभ उठा सकें। दुबे ने कहा कि रणनीति मिशन-आधारित, जिम्मेदार और नैतिक एआई पर केंद्रित है, जिसमें ह्यूमन-इन-द-लूप, पारदर्शिता और पुनः उपयोग योग्य समाधानों को प्राथमिकता दी गई है। आगे की दिशा में राज्य का 5 वर्षीय एआई विज़न एआई को एक परियोजना नहीं, बल्कि संस्थागत गवर्नेंस क्षमता के रूप में स्थापित करने पर केंद्रित है।*

### मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ

*कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है। राजस्व विभाग द्वारा एआई के उपयोग से फसल छवियों की वास्तविक समय गुणवत्ता जांच की जा रही है। कृषि विभाग की एक प्रणाली फसल पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य निगरानी और बीमा दावा निपटान को सशक्त बना रही है। श्रम विभाग की एआई-सक्षम एलसीएमएस प्रणाली केस प्रबंधन और न्यायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रही है, जबकि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, जांच दक्षता और नागरिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है। एमपी पेवेलियन ने मध्यप्रदेश को भविष्य-तैयार, डेटा-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया।*

### कौशल रथ के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई जागरूकता

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम पर केंद्रित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार एआई साक्षरता को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। एआई साक्षरता मिशन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक मूलभूत कौशल के रूप में विकसित किया जाएगा। मोबाइल एआई कंप्यूटर लैब (कौशल रथ) के माध्यम से यह पहल सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, शिक्षकों और शासकीय अधिकारियों तक एआई जागरूकता एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण पहुंचा कर, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को कम करेगी।

---

**पिछले पृष्ठ का शेष**

| स. क्र. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं: उत्तर | सीमाएं: दक्षिण | सीमाएं: पूर्व | सीमाएं: पश्चिम | वृक्ष: प्रगति किस्म | वृक्ष: संख्या | संरचना: प्रकार | संरचना: प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 96 | 599 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.68 | ललितकुमार पिता दिनेशकुमार जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं. 600 की भूमि | खं.601/2 की भूमि | खं.596 की भूमि | खं.601/2 की भूमि | - | - | - | - |
| 97 | 601/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.43 | | खं.553/1 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.601/2 की भूमि | खं.602 की भूमि | छिवला | 7 | - | - |
| 98 | 601/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.43 | | खं.600 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.599 की भूमि | खं.601/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 99 | 607 | भूमिस्वामी | कृषि | 2.07 | | खं.604/2 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | खं.608 की भूमि | खं.547 की भूमि | बेर | 6 | - | - |
| 100 | 600 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.73 | मुन्नुलाल पिता धरमु जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.559 की भूमि | खं.601/2 की भूमि | खं.595 की भूमि | खं.553/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 101 | 601/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.22 | दिनेश पिता झम्मू जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.553/1 की भूमि | खं.517/1 की भूमि | खं.599 की भूमि | खं.602 की भूमि | - | - | - | - |
| 102 | 602 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.83 | सुखदीन पिता खितुवा, खुमान पिता खितुवा, जाति अहीर, पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.553/1 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.601/1 की भूमि | खं.603/1 की भूमि | बबूल,हडुआ,कन्जई | 4,1,1, | - | - |
| 103 | 603/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | वचन पिता खितुवा जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.603/2 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.602 की भूमि | खं.547 की भूमि | - | - | - | - |
| 104 | 605 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.09 | | खं.617/1 की भूमि | खं.608 की भूमि | खं.609 की भूमि | खं.606/2 की भूमि | बबूल,बेर,हडुआ आम | 4,4,1 1 | - | - |
| 105 | 603/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.71 | खुमान पिता खितुवा जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.553 की भूमि | खं.603/1 की भूमि | खं.602 की भूमि | खं.547 की भूमि | - | - | - | - |
| 106 | 604/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.22 | बिष्णु प्रसाद यादव पिता झम्मु जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.617/1 की भूमि | खं.604/2 की भूमि | खं.605 की भूमि | खं.547 की भूमि | बबूल,बेर, | 3,2 | - | - |
| 107 | 606/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.35 | | खं.605 की भूमि | खं.607 की भूमि | खं.606/1 की भूमि | खं.604/1 की भूमि | बबूल,बेर | 1,1 | - | - |
| 108 | 612/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.25 | | खं.611 की भूमि | ग्राम सीम सुरहई | खं.553/1 की भूमि | खं.608 की भूमि | - | - | - | - |
| 109 | 604/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.23 | बाबूलाल पिता दशरू जाति अहीर पता सिवनी मध्यप्रदेश सिरमंगनी लखनादौन भूमिस्वामी | खं.604/1 की भूमि | खं.607 की भूमि | खं.606/1 की भूमि | खं.547 की भूमि | - | - | - | - |
| 110 | 606/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.35 | | खं.605 की भूमि | खं.607 की भूमि | खं.605 की भूमि | खं.606/1 की भूमि | बबूल | 1 | - | - |
| 111 | 612/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.25 | | खं.611 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | खं.611 की भूमि | खं.612/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 112 | 608 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.63 | शिवकुमार पिता कलंदर जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.605 की भूमि | खं.611 की भूमि | खं.607 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | - | - | - | - |
| 113 | 610 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.41 | सँगीतकुमार नाबालिग पिता रामदयाल संरक्षक रामदयाल आ. फुलुवा जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.617/1 की भूमि | खं.611 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.609 की भूमि | - | - | - | - |
| 114 | 611 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.91 | रामफल पिता तुलाराम जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.610 की भूमि | खं.613 की भूमि | खं.614/3 की भूमि | खं.608 की भूमि | बबूल | 1 | - | - |
| 115 | 614/2/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.53 | | खं.614 /2/1 की भूमि | खं.614/13 की भूमि | खं.611/1 की भूमि | खं.613 की भूमि | - | - | - | - |
| 116 | 613 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.13 | रामदयाल पिता फुलुवा, फुलुवा पिता काशी जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.611 की भूमि | खं.614/2/1 की भूमि | खं.614/3 की भूमि | खं.612/2 की भूमि | - | - | - | - |
| 117 | 614.1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.62 | रज्जू पिता जगतसिंह जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.616 की भूमि | खं.614/5 की भूमि | खं.614/4 की भूमि | खं.614/2/3 की भूमि | बबूल,बेर,हडुआ, छिवला,आम,जामुन | 12,13, 3,4,1,1 | - | - |
| 118 | 614/2/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.54 | भुरा पिता तुलाराम, जाति अहीर, पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.614/2/2 की भूमि | खं.614/1/5 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.613 की भूमि | - | - | कच्चा कुआ1 | व्यास 8 मी गहराई 3मी |
| 119 | 614/2/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.53 | दुजियाबाई बेवा किशन, विजय पिता किशन, तोफन पिता किशन, जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.614/3 की भूमि | खं.614/5 की भूमि | खं.614/1 की भूमि | खं.613 की भूमि | बबूल,महुआ,आम | 2,1,1 | कच्चा मकान1 बोर | लं 4.4 मीX चौ 11मी चौ 6मी केसिंग 4मी गहराई 90मी |
| 120 | 614/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.67 | रामदयाल पिता फुलुवा जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.617 /1 की भूमि | खं.614/2/1 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.611 की भूमि | - | - | बोर | चौ 6 इंच केसिंग 3मी गहराई 90मी |
| 121 | 614/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.63 | गोविन्द पिता जगतसिंह जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.616 की भूमि | खं.614/6 की भूमि | खं.614 की भूमि | खं.614/1 की भूमि | - | - | कच्चा कुआ | व्यास 6मी गहराई 3मी |
| 122 | 614/5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | संदीप पिता वीरेन्द्र सिंघई जाति जैन पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.614/1 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | खं.614/1 की भूमि | खं.614/2/3 की भूमि | - | - | - | - |
| 123 | 614/6 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | | खं.614/4 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | खं.616 की भूमि | खं.614/4 की भूमि | - | - | - | - |
| 124 | 617/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | देवीप्रसाद जमना केसर पिता रूपसिह जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.642 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.617/2 की भूमि | बेर | 7 | - | - |
| 125 | 642 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | | खं.624 की भूमि | खं.617/3 की भूमि | खं.640 की भूमि | खं.623 की भूमि | बेर | 7 | - | - |
| 126 | 617/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.27 | यशोदा बेवा बद्रीप्रसाद, सौरभ पिता बद्रीप्रसाद, सोनल पिता बद्रीप्रसाद, सुधीर पिता ओमकारप्रसाद, अनीता पिता ज्ञानीप्रसाद, अमितकुमार पिता ओमकारप्रसाद, गुलाबसिंह पिता जानकीप्रसाद, पार्वती पिता ज्ञानीप्रसाद, प्रेमलता पिता ज्ञानीप्रसाद, बलराम उर्फ बलदेवप्रसाद पिता जानकीप्रसाद, सीमा पिता ज्ञानीप्रसाद, शकुनबाई पिता जानकीप्रसाद, वंदना पिता ज्ञानीप्रसाद, रामकुमारी बेवा ज्ञानीप्रसाद, भूपेन्द्र पिता ज्ञानीप्रसाद, जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.603/1 की भूमि | खं.644/4 की भूमि | खं.623 की भूमि | खं.614/3 की भूमि | बबूल,हडुआ, छिवला,बेर,खैर महानीम,नीम, पीपल,इमली | 8,1,4, 7,1,1, 1,1,1, | - | - |
| 127 | 617/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | रामसनेही दर्शनलाल पिता लालसिंह फँटियाबाई बेवा लालसिह जाति अहीर पता कसई सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.623 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.617/3 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | | | - | - |
| 128 | 623 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.65 | | खं.622 की भूमि | खं.617/2 की भूमि | खं.642 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 129 | 619/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.16 | वृन्दावन लाखन सिंह पिता फुलवा जाति दरजी पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.591 की भूमि | खं.619 की भूमि | खं.619/1 की भूमि | खं.597/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 130 | 619/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.51 | सिब्बी पत्नी लालसिग जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.591 की भूमि | खं.617/1 की भूमि | खं.620 की भूमि | खं.597/3 की भूमि | - | - | पक्का कुआ 1 | व्यास 12मी. गहराई 6मी |
| 131 | 620 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | संतोषकुमार विजयकुमार पिता लालसिह जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.590 की भूमि | खं.618 की भूमि | खं.621 की भूमि | खं.519/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 132 | 621 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.20 | राजेशकुमार पिता खिलानसिंह जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.627 की भूमि | खं.623 की भूमि | खं.626/1 की भूमि | खं.620 की भूमि | - | - | बोर 1 | चौ 6इंच केसिंग 9मी गहराई 150मी |
| 133 | 643/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | अमानसिह पिता सीताराम, जाति अहीर, पता सिरमंगनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.617/1 की भूमि | ग्राम सीमा सुरहई | खं.644/1 की भूमि | खं.615 की भूमि | - | - | - | - |
| 134 | 615 | भूमिस्वामी | कृषि | - | शशिबाई पत्नि ओमप्रकाश जाति अहीर पता सिरमंगनी लखनादौन मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.616 की भूमि | ग्राम सीमा पथरिया | खं.643 की भूमि | खं.616 की भूमि | - | - | कच्चा मकान 1 गोवर गैस संयत्र1 | लं8.65मी चौ 13.17 मी. व्यास 1.5 मी |
| 135 | 564/1 | भूमिस्वामी | कृषि | - | गजेन्द्र कुमार पिता राम प्रसाद जाति ब्राम्हण पता सिरमंगनी लखनादौन मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खं.565 की भूमि | खं.564/2 की भूमि | खं.567/1 की भूमि | खं.564/3 की भूमि | - | - | पक्का मकान 1 | लं8.6.75 5मी चौ 3.55 मी. |
| कुल योग | | | | 95.71 | | | | | | वृक्ष 546 | | तालाब -1 कच्चा मकान - 6 कच्चा कुंआ-7 पक्का मकान -1 बोर - 6 पक्का कुंआ -4 | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है ।
2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है ।
3. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिये भूमि की आवश्यकता शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के डूब क्षेत्र स्पिल एवं प्रपोच चैनल निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में ।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(बिशन सिंह )
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं
भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन
पृष्ठा.क./ 94 / भू-अर्जन / 2026

(शीतला पटले)
कलेक्टर सिवनी एवं प्रदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग - जिला सिवनी (म.प्र.)
सिवनी,
दिनांक 8/1/2025

G-24378/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## चिंतन

# लोक कल्याण की राजनीति और कुशल प्रबंधन की जीत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों के नतीजे केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का संकेत नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को भी स्पष्ट करते हैं। खासतौर पर मुंबई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने यह संदेश दिया है कि लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सशक्त आंतरिक प्रबंधन और संगठनात्मक अनुशासन आज की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह जीत भाजपा के लिए केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उसकी रणनीति, नेतृत्व और जनविश्वास की पुष्टि है। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। महाराष्ट्र में कुल 29 नगर निगमों के चुनावों में से 23 कॉरपोरेशनों में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटें मिलती दिख रही हैं। बिहार के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि एनडीए और भाजपा का नेतृत्व ही देश को सही दिशा दे रहा है। इस जीत ने दिखा दिया कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। लोगों को जनकल्याण और विकास ही चाहिए। अब वे परिवारवाद और खाली बयानबाजी करने वालों के झांसे में नहीं आने वाले। इस जीत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के कद को भी बढ़ा दिया है। यह परिणाम कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और शरद पवार के लिए एक ओर खतरे की घंटी है, वहीं पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के नतीजों ने पवार पावर को लेकर स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है। जिस पवार ब्रांड को कभी सत्ता के इन शहरी केंद्रों में अजेय माना जाता था, वह अब अकेले जीत की गारंटी नहीं रह गया है। इस बार यहां शरद पवार और अजीत पवार की अगुआई वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के रणनीतिक तालमेल के बावजूद वोटरों ने तगड़ा झटका दे दिया है। दूसरी तरफ, करीब 20 साल बाद करीब आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की जोड़ी भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाई। चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। भाजपा और उसके सहयोगियों का आगे रहना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने शहरी मतदाताओं की नब्ज को अच्छी तरह समझा। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े महानगरों में भारी बढ़त ने यह दिखा दिया कि भाजपा की पकड़ केवल ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महानगरीय मतदाता भी उसकी नीतियों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इन शहरों में बुनियादी सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों ने मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बता दें कि महाराष्ट्र नगर निगम में 1997 से 2022 तक शिवसेना का वर्चस्व रहा और उसके 12 मेयर रहे। अब चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं और भाजपा पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने जा रही है। एशिया की सबसे बड़ी मुंबई नगरपालिका का 74000 करोड़ का बजट देश के कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की राजनीति में लोक कल्याण, सुशासन और कुशल संगठनात्मक प्रबंधन सबसे बड़े हथियार हैं। भाजपा की जीत केवल विरोधियों की कमजोरी का परिणाम नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक मजबूती और जनविश्वास की देन है।

# विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया



ईरान बनाम अमेरिका
डॉ. घनश्याम बादल

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है, उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है। अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ता हुआ जन सैलाब सीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है, जब ईरान का धर्मतंत्र जनता के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुंचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियां, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी? आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियां और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है। हालांकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं, अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और



बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा-तेल रिफाइनरियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे, लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महंगा साबित होगा।

मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा। इससे भी अहम बात यह है कि अमेरिका का ध्यान एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हटेगा, जो उसके दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के विपरीत है। वैश्विक स्तर पर इसका सबसे तात्कालिक असर ऊर्जा बाजारों पर पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जरा-सी अस्थिरता भी तेल की कीमतों को 120–150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा सकती है। इसका सीधा अर्थ है -वैश्विक महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों पर असहनीय दबाव। यूरोप, जो पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस परिदृश्य में चीन और रूस की भूमिका भी समझना ज़रूरी है। दोनों ही देश ईरान के संकट को अपने-अपने रणनीतिक लाभ के रूप में देख रहे हैं। चीन अमेरिका को मध्य-पूर्व में उलझा देखना चाहता है ताकि एशिया में उसकी पकड़ ढीली पड़े। रूस के लिए यह पश्चिमी एकता को कमजोर करने और ऊर्जा कीमतों से लाभ उठाने का अवसर है, लेकिन चीन या रूस कोई भी ईरान के लिए अमेरिका से सीधा युद्ध लड़ने को तैयार नहीं है।

ईरान उनके लिए साझेदार कम, रणनीतिक साधन अधिक है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का सबब है। तेल आयात पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। रुपये पर दबाव बढ़ेगा, शेयर बाजारों में अस्थिरता आएगी और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन जाएगी। साथ ही, ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान संपर्क जैसी रणनीतिक परियोजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि, संकट के बीच अवसर भी छिपे होते हैं। भारत की संतुलित और स्वायत्त विदेश नीति उसे एक संभावित मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है, लेकिन इसके लिए शर्त यह है कि भारत किसी भी खेमे में खड़ा होने की जल्दबाज़ी न करे।

अस्तु,, ईरान का संकट केवल एक देश की संप्रभुता एवं संकट की कहानी नहीं, उस वैश्विक व्यवस्था का आईना है, जहां दमन, असमानता और शक्ति-राजनीति मिलकर अस्थिरता को जन्म देती हैं। युद्ध शायद अभी टल सकता है, लेकिन उसके बीज बोए जा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि दुनिया इस आग को देख रही है या नहीं, सवाल यह है कि क्या वह इसे फैलने से रोकने के लिए समय रहते कुछ करेगी।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पुस्तक मेला

श्वेता गोयल



# रील्स के दौर में रीयल किताबें ही हैं शब्दों का सच्चा संसार

नई दिल्ली के हृदय स्थल भारत मंडपम में इन दिनों हवाओं में एक अलग ही सुंगध घुली हुई है। यह सुगंध किसी इत्र की नहीं, बल्कि पुरानी और नई किताबों के पन्नों, स्याही के अक्षरों और मानवीय मेधा के असीमित विस्तार की है। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाला 53वां नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय मेधा और वैश्विक संस्कृति के मिलन का एक विराट अनुष्ठान है। पुस्तकें वह सेतु हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं और सभ्यताओं की स्मृतियों को जीवंत रखती हैं। डिजिटल क्रांति के इस प्रचंड वेग के बीच, जहां स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी हमारी आंखों को थकान दे रही है, वहां कागज के पन्नों पर अंकित शब्द एक शीतल छांव की तरह प्रतीत होते हैं। इस वर्ष के मेले की आत्मा 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान @75' की थीम में रची-बसी है। यह विषय केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि उस साहस और बुद्धिमत्ता का वंदन है, जिसने स्वतंत्र भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हॉल नंबर 5 में निर्मित थीम पवेलियन एक ऐसा गलियारा है, जो आगंतुकों को काल-यात्रा पर ले जाता है। यहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियों के बीच जब पाठक 21 परमवीर चक्र विजेताओं की गाथाओं से रूबरू होते हैं तो साहित्य और राष्ट्रभक्ति का एक अनूठा संगम निर्मित होता है। सैन्य इतिहास पर प्रदर्शित पांच सौ से अधिक पुस्तकें यह सिद्ध करती हैं कि तलवार की धार और कलम की शक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। शौर्य जब शब्दों में ढलता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बन जाता है। मेले का यह संस्करण कई मायनों में ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और आईटीपीओ के सहयोग से आयोजित इस मेले में पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि ज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और जिज्ञासा की राह में अर्थ की बाधा नहीं आनी चाहिए। 'किताबों की दुनिया में कदम रखने के लिए अब जेब नहीं, बस जिज्ञासा चाहिए' का यह मंत्र भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति इस मेले को एक वैश्विक मंच प्रदान करती है, जहां कतर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' और स्पेन 'फोकस कंट्री' के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत साझा कर रहे हैं। आज के दौर में एक विमर्श अक्सर सुनाई देता है कि 'जेन-जी' यानी नई पीढ़ी किताबों से दूर होकर स्मार्टफोन्स की दुनिया में खो गई है, किंतु भारत मंडपम के गलियारों में उमड़ती युवाओं की भीड़ इस धारणा को सिरे से खारिज करती है।

तकनीक के शोर में पले-बढ़े ये युवा पिक्सल्स के बजाय पन्नों में अपना भविष्य तलाशते दिख रहे हैं। कतर पवेलियन में हवा में तैरते अक्षरों की जादुई दुनिया को निहारते हुए या रस्साकसी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की पुस्तकों में अपनी जड़ों को खोजते हुए ये युवा यह प्रमाणित कर रहे हैं कि डिजिटल चमक क्षणिक हो सकती है लेकिन शब्दों की गहराई शाश्वत है। युवाओं का यात्रा वृत्तांतों, क्लासिक साहित्य और अपराध गाथाओं के प्रति यह आकर्षण दर्शाता है कि मानवीय संवेदनाएं आज भी एक अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। शिक्षा मंत्री ने डिजिटल समय में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की जिस प्राथमिकता का उल्लेख किया, वह 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के रूप में साकार होती दिख रही है। 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध छह हजार से अधिक मुफ्त ई-पुस्तकें यह सुनिश्चित करती हैं कि भाषा अब ज्ञान के मार्ग में अवरोध नहीं बल्कि एक सेतु बने। टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाओं के साथ यह समावेशी प्रयास उन लोगों तक भी साहित्य पहुंचा रहा है, जो शारीरिक सीमाओं के कारण अब तक इससे वंचित थे। यह तकनीकी प्रगति और पठन संस्कृति का वह संतुलन है, जिसकी आज के युग को सर्वाधिक आवश्यकता है। मेले का एक और भावुक पक्ष 'अनसुने नायकों' को दी गई श्रद्धांजलि है। 'द सागा ऑफ कुडोपलीः द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' जैसी पुस्तकों का विमोचन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल राजाओं और महलों का नहीं होता बल्कि उन साधारण लोगों का भी होता है, जिन्होंने असाधारण बलिदान दिए। किताबों के पन्ने पलटते बुजुर्गों की मुस्कुराहट और युवाओं की आंखों में उमड़ती जिज्ञासा यह साफ कर देती है कि पठन संस्कृति का यह महाकुंभ आने वाले समय में एक शिक्षित और जागरूक समाज की आधारशिला बनेगा। यह मेला एक आह्वान है पुस्तकों की ओर लौटने का, विचारों को विस्तार देने का और शब्दों की इस अनंत यात्रा का हिस्सा बनने का।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदल रहे



संकलित
**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी, एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा, अब मैं मंदिर नही आया करूँगी। इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः

1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा?

महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। **- रमेश यदु**, रायगढ़

## ट्रेंड

### गठबंधन की प्रचंड जीत



महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि जनता का विश्वास सिर्फ एनडीए की विकास नीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### स्टार्टअप इंडिया का दशक



स्टार्टअप इंडिया ने एक दशक पूरा कर लिया है और यह भारत के विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस पहल ने डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।
**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### विकास की राजनीति



महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की जनता ने स्थिर नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है।
**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### ज़ुल्म और अत्याचार



भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दल रही है। ये ज़ुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ़पैसे कमाने के लिए ही चाहिए।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# ताकतवर देशों को सुधार के लिए आगे रहना चाहिए : संरा



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों को सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करेंगे, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संरा महासचिव गुतारेस ने बृहस्पतिवार को 193 सदस्यीय महासभा में 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर अपने भाषण में कहा, ''ऐसी संस्थाओं में सुधार होना चाहिए जो आज की दुनिया को दर्शाती हों। 1945 के समस्या समाधान के तरीकों से 2026 की समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। अगर ढांचे हमारे समय, हमारी दुनिया, हमारी वास्तविकताओं को नहीं दिखाते हैं तो वे अपनी पहचान खो देंगे।'' उन्होंने समकालिक वास्तविकताओं को दिखाने के लिए वैश्विक संस्था में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा हर दिन थोड़ा-थोड़ा कम हो रहा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आकार, ताकत और असर बढ़ रहा है। गुतारेस ने कहा, जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करते हैं, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## ऑफ बीट

# आसमानी बिजली के अलग-अलग रूप



सदियों से आसमानी बिजली लोगों का ध्यान खींचती रही है। यह (आसमानी बिजली) मिथक, धर्म और लोकप्रिय संस्कृति में बसी हुई है। बिजली तब उत्पन्न होती है जब बादलों में विद्युत आवेश का निर्माण होता है। यह कुछ हद तक वैसा ही है जैसे जब आप अपने बालों को कंघी करते हैं या ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं तो बाल खड़े हो जाते हैं, लेकिन बादलों में विद्युत आवेश के निर्माण की प्रक्रिया बहुत अधिक तीव्र होती है। बादलों में यह आवेश तब बनता है जब ठोस और तरल जलकण आपस में टकराते हैं, जो गर्म हवा ऊपर उठने और ठंडी हवा नीचे गिरने (संवहन) के कारण होता है। जब आवेश अत्यधिक बढ़ जाता है, तो बिजली हवा के माध्यम से प्रवाहित होती है, जिसे हम चमक के रूप में देखते हैं। हम बिजली की चमक तुरंत देख लेते हैं, लेकिन गरज की आवाज बाद में आती है। आवाज़ को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग तीन सेकंड लगते हैं। चमक और गरज के बीच का समय देखकर बिजली की दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे, बिजली सिर्फ पृथ्वी पर ही नहीं पाई जाती; वैज्ञानिकों ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भी इसे देखा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आधुनिक प्रौद्योगिकी अपना रही सेना

# जोखिम भरे अभियानों में मिलेगा फायर फाइटिंग रोबोट का साथ

*यह रोबोट सुरक्षित दूरी से अग्निशमन कार्यों को अंजाम देने में सक्षम है। इससे आपातकालीन और संकटपूर्ण परिस्थितियों में भारतीय सेना के अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना लगातार आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपना रही है। अब इसी दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया गया है। सेना अग्निशमन के कार्यों में भी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगी और रोबोट इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सेना द्वारा खरीदे जाने वाले ये रोबोट फायर फाइटिंग रोबोट कहलाते हैं और ये अग्निशमन के कार्य में माहिर हैं। दरअसल, यह फायर फाइटिंग रोबोट एक कॉम्पैक्ट, बहुउपयोगी और मानव रहित ग्राउंड व्हीकल है। इसे अत्यधिक जोखिमपूर्ण और खतरनाक अग्निशमन परिस्थितियों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। यह ऐसी परिस्थितियों में सफलतापूर्वक काम करता है, जहां मानव हस्तक्षेप जोखिमपूर्ण होता है। यह रोबोट सुरक्षित दूरी से अग्निशमन कार्यों को अंजाम देने में सक्षम है। इससे आपातकालीन और संकटपूर्ण परिस्थितियों में भारतीय सेना के अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

खतरनाक अग्निशमन परिस्थितियों में कुशलता से करेगा काम

सैन्य कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाते हुए मिशनों में सहायता करेगा

## *महत्वपूर्ण खरीदी के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए*


फायर फाइटिंग रोबोट

*भारतीय सेना ने इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आईडेक्स) के अंतर्गत फायर फाइटिंग रोबोट की महत्वपूर्ण खरीद संबंधी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। सेना का कहना है कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। भारतीय सेना के मुताबिक फायर फाइटिंग रोबोट की खरीद के लिए यह अनुबंध स्वदेशी कंपनी एम्प्रेसा प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया है।*

### सिंगल स्टेज ट्रायल से अपनाया

यह फायर फाइटिंग रोबोट मूल रूप से इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस ढांचे के अंतर्गत भारतीय बलों के लिए विकसित किया गया था। सक्षम प्रावधानों का उपयोग करते हुए, भारतीय सेना ने इसे पहली बार अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाने का फैसला किया है। यह खरीद सिंगल स्टेज कॉम्पोजिट ट्रायल के आधार पर की गई है। यह प्रक्रिया रक्षा सेवाओं के बीच आपसी सहयोग, संयुक्तता और तकनीकी एकीकरण को सशक्त बनाती है।

### रक्षा स्टार्ट-अप समुदाय में सराहा

सेना का मानना है कि यह पहल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती प्रदान करती है। डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन के अंतर्गत संचालित इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस, सशस्त्र बलों और स्टार्ट-अप्स व नवोन्मेषकों के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। रक्षा स्टार्ट-अप समुदाय में इसे व्यापक सराहना मिली है।

### 22 आईडेक्स प्रोजेक्ट पर परीक्षण जारी


भारतीय सेना अपने पहले से वितरित आईडेक्स प्रोजेक्ट्स के स्पाइरल डेवलपमेंट पर कार्य कर रही है। फिलहाल लगभग 22 आईडेक्स परियोजनाएं प्रोटोटाइप प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद परीक्षण चरण की ओर अग्रसर हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि फायर फाइटिंग रोबोट को लेकर किया गया यह अनुबंध न केवल स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देता है, बल्कि भविष्य के लिए एक सुरक्षित, आधुनिक और नवाचार-आधारित भारतीय सेना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका के ओरेगॉन में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओरेगॉन इलाके के तटीय क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल



पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 6.2 रही। हालांकि इसमें अभी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर द्वारा अभी तक सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। ओरेगॉन के जिस इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए, वह ओरेगॉन और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित है।

### पूर्व राष्ट्रपति यून को पांच साल कैद की सजा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पांच साल कैद की सजा



सुनाई। यह फैसला उनके द्वारा मार्शल लॉ लगाए जाने और अन्य आरोपों को लेकर उनके खिलाफ आठ आपराधिक मुकदमों में पहला निर्णय है। इन आरोपों के कारण उन्हें पद से हटना पड़ा था। दिसंबर 2024 में थोड़े समय के लिए मार्शल लॉ लागू किए जाने के बाद व्यापक विरोध भड़क उठा, जिसमें लोगों ने उनके इस्तीफे की मांग की। इसके बाद यून सुक योल पर महाभियोग लगाया गया, उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

---

18वां इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग

## दोनों देशों का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साथ में काम करना जरूरी


18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग में भारत-जापान प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत और जापान के बीच बढ़ते संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि भारत क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जापान के साथ मिलकर काम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापक और रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। नई दिल्ली में आयोजित 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारत-जापान संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। भारत जापान के साथ अपनी दोस्ती को बहुत अधिक प्राथमिकता देता है। आज हम अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं, जिनमें क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4

### साझा रणनीतिक लक्ष्यों पर करें काम

जयशंकर ने कहा कि इंडो-पैसिफिक को राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ढांचे के रूप में उभारने की नींव जापान के एक पीएम ने भारतीय संसद में अपने भाषण के जरिए रखी थी। जयशंकर ने कहा कि भारत का इंडो-पैसिफिक विजन, जापान के 'फ्री और ओपन इंडो-पैसिफिक' दृष्टिकोण से काफी मेल खाता है। विदेश मंत्री ने मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत और जापान के साझा रणनीतिक लक्ष्यों पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम अग्रणी लोकतंत्र हैं और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। आज हमारे पास सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को आकार देने की जिम्मेदारी भी है।

### 2027 में 75 साल पूरे होंगे राजनयिक संबंध

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान वर्ष 2027 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की 'खास, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' लगातार मजबूत होती जा रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि जापानी विदेश मंत्री की हालिया फिलीपींस, कतर, इजराइल और फिलिस्तीन यात्रा भारत और जापान के इंडो-पैसिफिक तथा वेस्ट एशिया में साझा हितों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा संचार और क्षेत्रीय स्थिरता में दोनों देशों की समान सोच को भी रेखांकित करता है।

---

ईरान संकट खत्म करने के लिए अब रूस ने की मध्यस्थता की पेशकश

# नेतन्याहू से चर्चा कर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान को मिलाया फोन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को/ वॉशिंगटन

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पहले इजराइल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और इसके तुरंत बाद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क साधा। क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन क्षेत्र में तनाव घटाने और स्थिरता बहाल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों के पक्ष में हैं।

रूस का कहना है कि पुतिन मध्य पूर्व और ईरान से जुड़े हालात में तनाव कम करने के लिए सक्रिय रहेंगे।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन क्षेत्रीय हालात को शांत करने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। इससे पहले पुतिन ने नेतन्याहू से बातचीत में रूस की मध्यस्थता की पेशकश भी रखी और कहा कि सुरक्षा व स्थिरता के लिए राजनीतिक रास्ता ही बेहतर विकल्प है। नेतन्याहू से फोन पर बातचीत में पुतिन ने मध्य पूर्व और ईरान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने स्पष्ट किया कि रूस क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से बचना सभी पक्षों के हित में होगा। रूस दोनों पक्षों ईरान और इजराइल से सीधे बात कर रहा है। इसका उद्देश्य संवाद के जरिए गलतफहमियां कम करना और टकराव की आशंका को घटाना है। रूस का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सभी पक्षों को बातचीत की मेज पर लाना जरूरी है।

4 खाड़ी देशों ने भी अमेरिका को दो दिन में दी समझाईश

ट्रंप ईरान में जमीनी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए

### ईरान पर अमेरिका हमला न करेः अरब देश



इजराइल पीएम नेतन्याहू, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, ईरानी राष्ट्रपति मसूद

खाड़ी देशों सऊदी अरब, कतर, ओमान और मिस्र ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का रास्ता खोला है। करीब 48 घंटे की कोशिश के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर संभावित हमले को टाल दिया है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि फिलहाल ईरान पर हमला नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान में हिंसा की घटनाएं कुछ कम हुई हैं। ये चारों देश पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी हैं और इन देशों ने अमेरिका से अपील की है कि वे ईरान पर हमला न करें। इन देशों को आशंका है कि अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र असर पड़ सकता था। इन चारों देशों ने अमेरिका को बताया कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो इसके गंभीर सुरक्षा और आर्थिक परिणाम होंगे। इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा और अंत में अमेरिका भी इससे प्रभावित होगा।

### न्यूजीलैंड ने बंद किया दूतावास

न्यूजीलैंड ने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन, हिंसा और अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच अस्थायी तौर पर तेहरान में स्थित अपने दूतावास को बंद करने का फैसला किया है। साथ ही अपने वाणिज्य दूतावास को तुर्किए के अंकारा में स्थानांतरित कर दिया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उसके सभी राजनयिक स्टाफ ने तेहरान छोड़ दिया है।

### ईरान के एयरस्पेस से बच रहीं एयरलाइंस



ईरान ने बुधवार को कुछ घंटों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हालांकि बाद में एयरस्पेस को फिर से खोल दिया गया। हालांकि इसके बावजूद यूरोपीय एयरलाइंस ईरान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं और अफगानिस्तान और मध्य एशिया के ऊपर वाले रूट से उड़ान भर रही हैं। एयरलाइंस का मानना है कि किसी भी तरह के संभावित खतरे के लिए ऐसा करना जरूरी है।

ट्रंप प्रशासन का दावा

### अमेरिकी दबाव में ईरान ने रोकी फांसी


कैरोलिन लेविट

*ट्रंप प्रशासन ने दावा किया है कि ईरान में कल होने वाली 800 फांसी की सजाओं के अमल पर रोक लग गई है। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने ईरानी शासन को यह संदेश दिया है कि अगर हत्याएं जारी रहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि पता चला है कि शुक्रवार को होने वाली 800 फांसी की सजाएं रोक दी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के मामले में ट्रंप के लिए 'सभी विकल्प खुले हैं।' लेविट ने कहा कि सच्चाई यह है कि केवल राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि वह क्या करने जा रहे हैं और सलाहकारों की एक बहुत, बहुत छोटी टीम को ही उनकी सोच की जानकारी है। वह ईरान में जमीनी स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।*

---

भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते की घोषणा जल्द

## गोयल बोले- यह ऐतिहासिक, देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और 27 देशों के प्रभावशाली समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बड़ा बयान दिया है। इस प्रस्तावित समझौते को ऐतिहासिक (मदर ऑफ ऑल डील्स) करार देते हुए इसका वैश्विक और घरेलू महत्व बताया। मंत्री गोयल ने भरोसा जताया कि यह समझौता न केवल ऐतिहासिक होगा, बल्कि दोनों पक्षों को एक जैसे फायदा देने वाला होगा।



### भारत और 27 देशों के बीच होगी डील

यह समझौता भारत और 27 देशों के व्यापारिक ब्लॉक के बीच होगा। सरकार इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' और निर्यातकों के लिए 'सुपर डील' मान रही है। इसका उद्देश्य वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में संतुलन और वृद्धि लाना है। वहीं, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी करने के बेहद करीब हैं। शेष बचे हुए मुद्दों को सुलझाने के लिए गहन चर्चा जारी है। इस महीने के अंत में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की भारत यात्रा के दौरान इस सौदे की औपचारिक घोषणा हो सकती है।

### ईयू बड़ा व्यापारिक भागीदार

अग्रवाल ने कहा कि भारत वैश्विक व्यापारिक ढांचे में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने साल 2014 से अब तक कुल सात व्यापारिक समझौतों को अंतिम रूप दिया है, जो भारत की सक्रिय व्यापार नीति का हिस्सा हैं। यह व्यापार समझौता केवल शुल्कों में कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए व्यापक आर्थिक निहितार्थ रखता है। डील में भारतीय उद्यमियों और एमएसएमई को यूरोपीय संघ के मानकों के अनुरूप बाजार पहुंच मिलने की आशा है जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी।

---

ईडी की बड़ी कार्रवाई

## अल फलाह विवि की 140 करोड़ की संपत्तियां कुर्क कीं, आरोप पत्र दाखिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की लगभग 140 करोड़ मूल्य की संपत्तियां शुक्रवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। अल फलाह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार बम विस्फोट के बाद केंद्रीय एजेंसियों की जांच के घेरे में है। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अंतरिम आदेश के तहत फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय की 54 एकड़ भूमि, विश्वविद्यालय की इमारतों, विभिन्न स्कूलों और विभागों से संबंधित इमारतों और छात्रावासों को कुर्क कर लिया गया है। सिद्दीकी और अल फलाह ट्रस्ट के खिलाफ भी आरोप-पत्र दायर किया गया है।

---

## *'जल्लीकट्टू' शुरू, 600 खिलाड़ी अखाड़े में*



**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै जिले में मट्टू पोंगल के पावन अवसर पर आयोजित विश्व-प्रसिद्ध पालामेडु जल्लीकट्टू शुक्रवार सुबह शुरू हुआ। पोंगल फसल उत्सव समारोह के बीच मट्टू पोंगल पर आयोजित होने वाले पारंपरिक बैल को काबू करने वाले खेल जल्लीकट्टू के दौरान प्रतिभागी एक बैल को काबू करने की कोशिश करते हुए। इस मौके पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन के लिए कुल 1,000 बैलों और 600 टेमर (बैल काबू करने वाले) ने पंजीकरण कराया है। पालामेडु में मंजमलाई नदी के किनारे स्थित अखाड़ा पूरी तरह तैयार है।

---

डब्ल्यूईएफ की 'चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' सर्वे में बड़ा दावा

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत बना दुनिया का 'ग्रोथ इंजन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की हालिया 'चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' सर्वे ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक मिश्रित तस्वीर पेश की है। इसके अनुसार, जहां एक ओर दुनिया के अधिकांश अर्थशास्त्री इस वर्ष वैश्विक आर्थिक स्थितियों के कमजोर होने की आशंका जता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे उज्ज्वल विकास केंद्र के रूप में उभरा है। भारत में रोजगार प्रतिबंधों को कम करने जैसे श्रम कानूनों में निरंतर सुधार और अमेरिकी तकनीकी फर्मों द्वारा निवेश में बढ़ोतरी ने देश की आर्थिक स्थिति को और मजबूती दी है।

*भारत में लाए गए श्रम कानूनों में सुधार से लाभ*

*भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुरक्षित 'एंकर'*



विश्व आर्थिक मंच का प्रतीक चिन्ह

### यूरोप में होगा सबसे सुस्त विकास

सर्वे में शामिल लगभग 53 प्रतिशत मुख्य अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले वर्ष में वैश्विक आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इसके विपरीत, दक्षिण एशिया के लिए दृष्टिकोण काफी सकारात्मक है। सर्वे में दक्षिण एशिया की मजबूती पर दो-तिहाई अर्थशास्त्रियों ने इस क्षेत्र में 'मजबूत' (60%) या 'बेहद मजबूत' (6%) विकास की उम्मीद जताई है। यह पिछले साल सितंबर के 31 प्रतिशत के अनुमान से दोगुनी वृद्धि है। पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए 45% अर्थशास्त्रियों ने मजबूत विकास का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिका के लिए केवल 11% ने ही मजबूत विकास की बात कही है। यूरोप की स्थिति सबसे कमजोर है, जहां 53% अर्थशास्त्री 'सुस्त विकास' की आशंका देख रहे हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी के लिए भविष्य धुंधला

सर्वेक्षण में क्रिप्टोकरेंसी के लिए भविष्य धुंधला बताया गया है, जहां 62% विशेषज्ञों ने और गिरावट का अनुमान लगाया है। वहीं, 54% अर्थशास्त्रियों का मानना है कि सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी के अनुसार, सरकारों और कंपनियों को इस अनिश्चित माहौल में सतर्कता और चपलता के साथ काम करना होगा। भारत जिस तरह से व्यापारिक चुनौतियों और तकनीकी बदलावों के बीच अपनी विकास दर को बरकरार रखे हुए है, वह इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक सुरक्षित 'एंकर' के रूप में स्थापित करता है।

### एआई के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा

विश्व आर्थिक मंच ने साल 2026 के लिए एआई निवेश में उछाल की बात कही है। आईटी और वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा और खुदरा क्षेत्र एआई अपनाने में सबसे आगे रहेंगे। लगभग 36% उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि एआई निवेश अगले दो वर्षों में विकास पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डालेगा। अल्पकालिक रूप से, दो-तिहाई विशेषज्ञों को अगले दो वर्षों में मामूली नौकरी के नुकसान की आशंका है। हालांकि, दीर्घकालिक (10 वर्ष) परिप्रेक्ष्य में राय बंटी हुई है।

---

यूएन महासचिव गुटेरेस बोले

## 1945 की वैश्विक संस्थाएं 2026 की बदलती दुनिया के अनुरूप नहीं रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों की तेज आर्थिक वृद्धि की प्रवृत्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार की मांग करती है। गुटेरेस ने कहा कि हर दिन वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की हिस्सेदारी धीरे-धीरे घट रही है। हर दिन उभरती अर्थव्यवस्थाएं आकार, ताकत और प्रभाव में बढ़ रही हैं। हर दिन दक्षिण-दक्षिण व्यापार, उत्तर-उत्तर व्यापार से आगे निकलता जा रहा है। 1945 की वैश्विक संस्थाएं 2026 की बदलती दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप नहीं हैं। हमारी संरचनाओं को इस बदलती दुनिया को प्रतिबिंबित करना होगा क्योंकि 1945 में जब संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख वैश्विक वित्तीय संस्थानों की स्थापना हुई थी, तब जो व्यवस्थाएं कारगर थीं, वे 2026 की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकतीं। सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की शक्ति को अपडेट करना जरूरी है।


एंटोनियो गुटेरेस

# सूर्य के मकर राशी में प्रवेश से ही मकर संक्रांति : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द

## श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, शंकराचार्य आश्रम तिलवारा में श्रद्धा व वैदिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया महापर्व

**हरिभूमि, जबलपुर।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मकर संक्रांति का पावन पर्व आरंभ होता है। यह उद्गार परम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, शंकराचार्य आश्रम, रमनगरा तिलवारा में मकर संक्रांति महापर्व के विशेष आयोजन के दौरान व्यक्त किए। महापर्व के अवसर पर पूज्य महाराज श्री ने प्रातःकाल मकर संक्रांति स्नान किया। इसके पश्चात भगवान महामृत्युंजय श्री नर्मदेश्वर महादेव का विधिवत महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। साथ ही भगवान सूर्य की विशेष आराधना करते हुए 51 हजार गुलाब पुष्पों से सहस्त्रार्चन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में कराया गया। पूरे परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।



### स्वयं उनके घर जाते हैं शनिदेव

इस अवसर पर भक्तों को मकर संक्रांति के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व की जानकारी देते हुए ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान सूर्य (भास्कर) अपने पुत्र शनिदेव से मिलने स्वयं उनके घर जाते हैं। चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, इसलिए सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को मकर संक्रांति कहा जाता है।

### माँ गंगा हुई थी सागर में समाहित

महाराज श्री ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन ही मां गंगा भगीरथ के पीछे-पीछे चलते हुए कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में समाहित हुई थीं। इसी कारण इस दिन गंगास्नान तथा गंगातट पर दान-पुण्य को अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना गया है। तीर्थराज प्रयाग और गंगासागर में इस दिन किए जाने वाले स्नान को 'महास्नान' की संज्ञा दी गई है।

### कर्क और मकर राशियों में सूर्य का संक्रमण

उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य रूप से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, लेकिन कर्क और मकर राशियों में सूर्य का संक्रमण धार्मिक दृष्टि से विशेष फलदायक माना गया है। यह संक्रमण क्रिया छह-छह माह के अंतराल पर होती है और इसे आध्यात्मिक उन्नति तथा सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजन एवं अनुष्ठान में ब्रह्मचारी शाश्वतानन्द जी, ब्रह्मचारी भवानन्द जी, प्रकाश द्विवेदी, गौरीशंकर तिवारी, भारत सिंह यादव, डॉ. संजय मिश्रा, सुधांशु गुप्ता, चन्द्रशेखर पटेल, मधु यादव, शशिकांत तिवारी, उषा विजय कटारिया, गोविंद साहू, वसुंधरा पाण्डेय, ऋचा मिश्रा, गीता व्यास, शिवानी चौबे, आराधना चौकसे, प्रीति साहू, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



# बसपा ने जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया मायावती का 70वां जन्मदिन

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 70वां जन्मदिन बसपा द्वारा सिविक सेंटर में जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर बसपा स्टेट जोन को-ऑर्डिनेटर कमलेश बौद्ध ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहन मायावती के शासन मॉडल की नकल आज देश व प्रदेश की सरकारें करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन उनकी नीयत सही न होने से जनता बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई और कमजोर शिक्षा व्यवस्था से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि बहन मायावती एकमात्र ऐसी नेता हैं जिन्होंने बिना जाति-धर्म का भेद किए सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य किया, इसी कारण उनका जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को एडवोकेट सचिन फूलचंद, बालकिशन चौधरी, उमाकांत बंदेवार, अजाब शास्त्री, ज्ञानेश गजभिये, राकेश चौधरी, मानकलाल गोंटिया, लखन अहिरवार सहित अन्य बसपा नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कंगारू किड्स में प्रीस्कूल मूवी पार्टी का आनंददायक आयोजन

**जबलपुर।** इकीगाई किड्स इंटरनेशनल स्कूल के कंगारू किड्स प्रीस्कूल परिसर में 15 जनवरी 2026 को लॉन एरिया में प्रीस्कूल मूवी पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साह और खुशियों के साथ भाग लिया। अपने प्यारे पजामों और आरामदायक कपड़ों में सजे बच्चे मूवी का आनंद लेते हुए खेल-कूद और गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। "ब्रिंग योर बडी" पहल के तहत बच्चों ने मित्रों के साथ यह आनंदमय अनुभव साझा किया और स्वादिष्ट नाश्ते का मजा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक कौशल, सहयोग और समूह में सहज महसूस करने की भावना विकसित करना बताया गया। मनोरंजन, खेल और सुरक्षित वातावरण ने इस मूवी पार्टी को बच्चों के लिए यादगार अनुभव बना दिया।

# जबलपुर में 47वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में 16 जनवरी 2026 को 47वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का भव्य शुभारंभ ज्योति क्लब में किया गया। प्रतियोगिता में कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों की 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। मुख्य अतिथि प्रबंध संचालक मंजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एस.के. भागवतकर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने खेल शपथ लेकर निष्पक्ष और ईमानदारीपूर्वक खेल खेलने का संकल्प लिया। मंजीत सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं।



प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में मेजबान जबलपुर क्षेत्र ने इंदौर क्षेत्र को पराजित किया, जबकि भोपाल क्षेत्र ने बिरसिंहपुर क्षेत्र को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में केंद्रीय कार्यालय, जबलपुर ने जबलपुर क्षेत्र को 2-0 से हराया, और दूसरे सेमीफाइनल में सिंगाजी ताप विद्युत गृह, खंडवा ने भोपाल क्षेत्र को 2-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबला 17 जनवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे केंद्रीय कार्यालय, जबलपुर और सिंगाजी ताप विद्युत गृह, खंडवा के बीच खेला जाएगा।

# लोधी महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**जबलपुर।** लोधी महासभा जबलपुर इकाई द्वारा प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 18 जनवरी 2026 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ-साथ वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन आर्या मैरिज गार्डन, तेवर भेड़ाघाट रोड में किया जाएगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लोधी महासभा के समाज बंधुओं का आगमन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, बरगी विधायक नीरज ठाकुर, पूर्व मंत्री जालमसिंह पटैल, विधायक बड़ा मलहरा रामसिया भारती, लोधी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डेबिड, एस.टी. कमिश्नर लोकेश लिल्लारे शामिल रहेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाना है। साथ ही युवक-युवतियों को वैवाहिक मंच प्रदान कर सामाजिक एकता को सशक्त करना भी इस सम्मेलन का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व पार्षद तेवर राजकुमार पटैल के नेतृत्व, अध्यक्ष सेवानिवृत्त इंजीनियर एस.एस. राजपूत एवं एड. एमके सुलाखे के संयोजक में संपन्न होगा। महासभा के अन्य पदाधिकारी छोटेसिंह, एडवोकेट शिवकुमार, भारतभूषण पटैल, राजेन्द्र सिंह, रमेश पटैल, डॉ. के.एस. ठाकुर, ओ.पी. पटैल, जनक पटेल, अतुल पटेल, डॉ. प्रतिभा सिंह ठाकुर, यशवती ठाकुर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



# समरसता सेवा संगठन की बैठक आज

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार 17 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार, गुजराती मंडल सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि संगठन आगामी 13 अप्रैल 2026 को अपनी तीन वर्ष की अनवरत सेवा यात्रा पूर्ण कर चौथे वर्ष में प्रवेश करेगा। इस अवसर पर पूज्यपाद जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी द्वारा 5 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक नौ दिवसीय "श्रीराम कथा" के आयोजन हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है।श्री जैन ने बताया कि उक्त श्रीराम कथा संस्कारधानी जबलपुर के गौरव एवं गरिमा के अनुरूप भव्य रूप से संपन्न हो, इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में संगठन के सभी सहयोगियों को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है।

# विषयासक्त मन बंधन का कारण है, वही विषयातीत मन मुक्ति का आधार है : मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज

## आदिनाथ स्वामी निर्वाण महोत्सव आज

**जबलपुर।**

देवाधिदेव भगवान आदिनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव मुनिसंघ के सानिध्य में शनिवार 17 जनवरी को प्रातः 8 बजे से गोल बाजार में मनाया जाएगा। डी.एन. जैन महाविद्यालय परिसर में विशेष रूप से निर्मित पांडाल में भावनायोग प्रवर्तक मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के प्रवचन "आत्मबोध से आनंद की यात्रा" विषय पर निरंतर जारी हैं। प्रवचन प्रातः 8:40 से 9:30 बजे तक एवं टेलीविजन का लोकप्रिय लाइव कार्यक्रम शंकासमाधान प्रतिदिन दोपहर 2:45 से 3:45 बजे तक संपन्न हो रहा है। मीडिया प्रभारी सुबोध कामरेड एवं प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ शहर के गणमान्य नागरिक भी भाग ले रहे हैं। शनिवार के प्रातःकालीन प्रवचन में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला, श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर राजुल खर्सोल्या एवं गुणायतन के कार्यकारी अध्यक्ष एन.सी. जैन (दिल्ली) विशेष रूप से उपस्थित रहे। सकल जैन समाज द्वारा अतिथियों का तिलक, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री ने "मन का नियंत्रण तनाव मुक्त जीवन की कुंजी" विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि विषयासक्त मन बंधन का कारण है, जबकि विषयातीत मन मुक्ति का आधार है। उन्होंने कहा कि तनाव का कारण परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि हमारी मनस्थिति है। मन को साधने का अर्थ मन की मानना नहीं, बल्कि मन को मनाना है। मुनि श्री ने कहा कि जिसने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया, वही वास्तव में आनंदित जीवन जीता है। सोच बदलने से समस्या तपस्या बन जाती है और सोच बिगड़ने से तपस्या भी समस्या लगने लगती है। मन को सही दिशा देने से जीवन आनंद से भर उठता है।





# नो एंट्री में घुस रहे भारी वाहन, मॉडल लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचे मध्य भारत मोर्चा सदस्य

**जबलपुर।** मध्य भारत मोर्चा के सदस्य अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में ट्रक, डम्पर जैसे भारी वाहन के मॉडल लेकर सांकेतिक तौर पर एसपी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देते हुए बताया कि शहर में भारी वाहनों के आवागमन पर रात्रि 09 बजे तक की नो एंट्री है, इसके बावजूद देखने में आ रहा है कि सुबह, दोपहर, शाम को भी भारी वाहन शहर में दौड़ रहे हैं, जिससे यातायात तो अवरुद्ध हो ही रहा है, साथ ही शहर के वृद्ध, बच्चे और आमजन में दुर्घटना का अंदेशा बना है, जिसके विरोध में मध्य भारत मोर्चा सदस्यों ने नो एंट्री में प्रवेश पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, बल्लू पटेल, राम चौरसिया, डीके राजाबाबा, कुलदीप सोनी, दिलीप चक्रवर्ती, रोशन, शैंकी जैन, लक्की सोनी, सुमित बाबा, जानू शर्मा, ऋतिक चौधरी, सक्षम, लक्की वंशकार, पुष्पराज सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# तमिल संघम का पोंगल महोत्सव 18 को

**जबलपुर।** तमिल संघम जबलपुर द्वारा पोंगल महोत्सव का आयोजन 18 जनवरी को मध्यान्ह 12 बजे से नेताजी सुभाषचंद्र बोस न्यू ऑडिटोरियम हॉल घंटाघर के पास किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री होंगे, अध्यक्षता अशोक रोहाणी विधायक केंट करेंगे, विशिष्ट अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम, चमन श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा होंगे। आयोजन में जबलपुर से सभी तमिल परिवार शामिल होंगे। इस अवसर पर तमिल संघम के द्वारा बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा एवं आंखों की जांच की जाएगी। पोंगल महोत्सव में उपस्थिति का अनुरोध संयोजक उमेश पिल्ले, मुख्य संरक्षक राजेश पिल्ले कन्ना, राकेश स्वामी, विक्की स्वामी, ज्योति रेड्डी अध्यक्ष, सुभाष पिल्ले सचिव, मीडिया प्रभारी शेखर पिल्ले, ने किया है।



# ग्राम बमनी-बरेला में गो-पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण व आदान सामग्री

**जबलपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय गो अनुसंधान केंद्र, मेरठ द्वारा वित्तपोषित अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम बमनी बरेला में गो-पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. सुनील नायक (संचालक विस्तार सेवाएं), डॉ. आर.के. शर्मा (अधिष्ठाता) एवं डॉ. संजीव वर्मा (प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–केंद्रीय गो अनुसंधान केंद्र, मेरठ) ने गो-पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, टीकाकरण एवं स्वच्छ प्रबंधन पर जानकारी दी। पात्र लाभार्थियों को खनिज लवण, काऊ मैट एवं दूध की कैन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अंकुर खरे, डॉ. आनंद जैन, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. निर्मला मुवेल एवं डॉ. भावना अहरवाल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, बरेला द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें पशुओं की जांच व उपचार किया गया। ग्राम सरपंच श्रीमती वर्षा नीलकमल झरिया भी उपस्थित रहीं। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में गो-पशुपालन को वैज्ञानिक दिशा मिलेगी तथा किसानों की आय एवं पशु-स्वास्थ्य में सुधार होगा।




# जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा के प्रथम दिवस 1616 विद्यार्थियों ने दी सहभागिता

**जबलपुर।**

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन 16 एवं 17 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। परीक्षा के प्रथम दिवस 16 जनवरी को 1616 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2–3, 4–5 एवं 6–8 स्तर के विद्यार्थियों के लिए ओएमआर शीट पर आधारित है, जिससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिल रहा है। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों को भोजन कराया गया तथा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। शुक्रवार को प्रथम दिवस कक्षा 2 एवं 3 के हिंदी, अंग्रेजी व गणित तथा कक्षा 6 से 8 के हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। 17 जनवरी को कक्षा 4–5 के हिंदी, अंग्रेजी, गणित व पर्यावरण तथा कक्षा 6–8 के गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर डीपीसी योगेश शर्मा द्वारा नगर शिक्षा केंद्र-1 अंतर्गत शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगर शिक्षा केंद्र-2 अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारबाग एवं पाटन विकासखंड के पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाटन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक, सहायक यंत्री ओ.पी. सिंह, सुभाष शर्मा सहित संबंधित बीआरसी टीम उपस्थित रही।



# ग्वारीघाट में गरीब बच्चों के साथ मनाया मकर संक्रांति पर्व

## डॉ. अजय वाधवानी व अपराध नियंत्रण संगठन ने बच्चों को बांटा पतंग व धागा

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ग्वारीघाट में गरीब व जरूरतमंद बच्चों के साथ मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के पदाधिकारी डॉ. अजय वाधवानी ने बच्चों को पतंग और धागा वितरित किया तथा उनके साथ पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का आनंद साझा किया। डॉ. अजय वाधवानी ने कहा कि त्योहार तभी सार्थक होते हैं जब उनकी खुशियाँ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। उन्होंने आगे कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को जरूरतमंद बच्चों के साथ आगे आकर ऐसे आयोजनों में सहभागिता करनी चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों एवं संगठन के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। सभी ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और इसे निरंतर जारी रखने की अपील की।

